
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी



200 करोड़ क्लब की ओर विजय की जन नायकन



सीन कटने से टूट गया दिल

वर्ष : 12 अंक : 214 लखनऊ, 28 जुलाई, मंगलवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## लोकसभा और राज्यसभा एक बार फिर स्थगित

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

विपक्ष के हंगामे की वजह से लोकसभा में परीक्षा संशोधन बिल पर चर्चा शुरू नहीं हो पाई। कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, विपक्षी सांसद वेल में पहुंच गए। छात्रों की पिटाई मामले पर बहस की मांग करने लगे। लोकसभा 12 बजे, 2 बजे फिर शाम 5 बजे तक स्थगित कर दी गई थी। स्पीकर ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों से कहा कि आप चर्चा नहीं चाहते।

इसके बाद 5 मिनट तक हंगामा होता रहा। स्पीकर ने कहा कि मैं शाम 5 बजे तक का समय देता हूं। सरकार और विपक्षी सांसद सहमति बनाकर आएं। सुबह दोपहर 11 बजे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सदन में पेपर लीक से जुड़ा लोक परीक्षा संशोधन बिल पेश किया था। ऐसा ही हाल राज्यसभा का रहा। सदन को 4 बार स्थगित किया गया। पहले 12 बजे और फिर दोपहर 2 बजे तक, उसके बाद शाम 5:15 बजे तक स्थगित कर दी गई। बाद में लोकसभा और राज्यसभा में मंगलवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# विपक्ष का हंगामा: छात्रों की पिटाई मामले पर बहस के लिए अड़ा, रिजिजू बोले- कांग्रेस और उसके साथी दल जानबूझकर चर्चा से भाग रहे

ओम बिरला ने कहा कि यह विधेयक हमारे देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य, उनकी मेहनत और उनकी आकांक्षाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण विधेयक है। यह विधेयक प्रश्नपत्र लीक जैसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाएगा



## विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने दिल्ली में नीट-यूजी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर बीते 20 जुलाई को बलप्रयोग किए जाने को लेकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया और गृह मंत्री अमित शाह से जवाब की मांग की। संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर ले रखा था जिस पर 'वोट चोरी, पेपर चोरी, चंदा चोरी' लिखा हुआ था। उन्होंने 'लाठी-गोली की सरकार, नहीं चलेगी, नहीं चलेगी' और 'अमित शाह जवाब दो' के नारे लगाए।

### नारेबाजी करने से विधेयक पर विचार नहीं होता: बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों से लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा में भाग लेने का आग्रह किया।



विपक्षी सांसदों का शोर-शराबा नहीं थमने पर उन्होंने सत्तापक्ष और विपक्ष से इस मुद्दे पर मिलकर सहमति बनाने की अपील भी की। बिरला ने कहा कि नारेबाजी करने, तख्तियां लहराने से विधेयक पर विचार नहीं होता। यह विधेयक हमारे देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य, उनकी मेहनत और उनकी आकांक्षाओं से जुड़ा अत्यधिक महत्वपूर्ण विधेयक है। यह विधेयक प्रश्नपत्र लीक जैसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाएगा।

### देश के युवाओं की आप पर नजर: रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि यह इतना महत्वपूर्ण विधेयक है और इस पर इतने अधिक संशोधन के नोटिस आए हैं जिसका मतलब है कि कई सदस्य इस महत्वपूर्ण विधेयक पर अपना मत रखना चाहते हैं। चर्चा रोकने के लिए नारेबाजी क्यों कर रहे है। युवाओं की इस पर नजर है। विपक्ष पहले दिन से चर्चा की मांग कर रहा था। लेकिन अब आप चर्चा नहीं होने दे रहे हैं। ऐसे महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा रोककर ये गलत संदेश दे रहे हैं।



### 2014 में टास्क फोर्स क्यों नहीं बनी?: अखिलेश



लोकसभा सांसद और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पेपर लीक रोकने के लिए सरकार की तरफ से टास्क फोर्स बनाने पर कहा कि परीक्षा सुधार के लिए टास्क फोर्स बनना अच्छी बात है। इसमें अनुभवी और बुद्धिजीवी लोग शामिल हैं। सरकार ने इसे अब क्यों बनाया? अगर 2014 में ही ऐसी टास्क फोर्स बना दी जाती, तो देश तेजी से आगे बढ़ता।

### मानसून सत्र के बीच आज एनडीए की बड़ी बैठक

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) मंगलवार को संसदीय दल की बैठक करेगा। यह मंगल मिलन संसद पुस्तकालय भवन (पीएलबी) स्थित जीएमसी बालायोगी सभागार में आयोजित की जाएगी। संसद में भाजपा के कार्यालय सचिव ने बताया कि बैठक मंगलवार को सुबह 9.30 बजे शुरू होने वाली है। संसद में भाजपा के कार्यालय की ओर से जारी एक नोट में कहा गया है, लोकसभा और राज्यसभा के सभी एनडीए सदस्यों से अनुरोध है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित होने की सुविधा प्रदान करें और समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचें।

### राहुल गांधी को एलओपी से हटाएंगे: निशिकांत

लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जल्द उन्होंने विपक्ष के नेता के पद से हटाने का प्रस्ताव पेश करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। 2004 से 2026 तक, उनकी किसी भी विदेश यात्रा के बारे में किसी को कुछ नहीं पता। राहुल गांधी ने अब तक जितनी भी यात्राएं की हैं। उनमें उन्होंने सरकार और संविधान के खिलाफ बात की है। उन्होंने सरकार से कांग्रेस नेता की विदेश यात्राओं की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आग्रह किया।



**बिहार में प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ एके-47 राइफलों के इस्तेमाल का मामला**

## झूठा दावा करके अराजक माहौल पैदा कर रहे राहुल



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वह अराजकता का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा ने मांग की है कि राहुल गांधी 'झूठी बातें और गलत जानकारी' फैलाने के लिए माफी मांगें। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और लोकसभा सांसद संबित पात्रा ने गांधी के बयान को न केवल बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, बल्कि एक पाप करार दिया। उन्होंने कहा कि यह बहुत शर्म की बात' है कि विपक्ष के नेता ने इतना गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार दिखाया है। यह अत्यंत निंदनीय है।

### राहुल माफी मांगें

राहुल गांधी से माफी की मांग करते हुए पात्रा ने कहा कि वह झूठी बातें फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। क्या इस देश में पुलिस कभी प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के लिए एके-47 का इस्तेमाल करती है? क्या ऐसा कभी हुआ है? राहुल गांधी कैसे कह सकते हैं कि एके-47 का इस्तेमाल किया गया है? यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है, और हमारा दृढ़ विश्वास है कि राहुल गांधी को ऐसी झूठी बातें और गलत जानकारी फैलाने के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

## अस्पताल से छुट्टी, राजघाट पहुंचे वांगचुक



सोनम वांगचुक ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सबसे पहले राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। वांगचुक ने कहा कि गांधी जी का दिखाया रास्ता आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना 100 साल पहले था। इस दौरान उनकी पत्नी गीतांजलि आंगमो भी उनके साथ नजर आईं। इससे पहले उन्होंने 'एक्स' पर जानकारी दी कि उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उन्होंने बताया कि वह पहले राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे और उसके बाद अपने पहाड़ों की ओर लौटेंगे।

## खबर संक्षेप

### लाड़की बहिन योजना के पूरे पैसे शॉपिंग में न उड़ाएं



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार की मंत्री अदिति तटकरे ने लाड़की बहिन योजना की लाभार्थी महिलाओं से अपील की है कि वे उन्हें हर महीने मिलने वाले 1500 रुपए का पूरा पैसा अपनी शॉपिंग में खर्च न करें बल्कि इस पैसे का एक हिस्सा बचाना चाहिए। योजना के तहत 21 से 65 साल की उम्र की महिलाएं पात्र हैं।

### स्कूली किताबों में 2000 से ज्यादा त्रुटियां



**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने सरकारी स्कूलों में त्रुटिपूर्ण पाठ्यपुस्तकों के वितरण को लेकर स्कूल एवं जनशिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड के इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों तक गलतियों से भरी किताबें पहुंचाकर उनका भरोसा तोड़ा।

### मालवी ऊंट का विशेष प्रजनन समूह तैयार



**बीकानेर।** देश की दुर्लभ सफेद मालवी ऊंट नस्ल विलुप्ति के कगार पर है। इसकी घटती आबादी को बचाने के लिए बीकानेर स्थित राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र ने 12 ऊंटों का विशेष प्रजनन समूह तैयार किया है। इसमें 3 नर और 9 मादा ऊंट शामिल हैं। इनकी संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

### अंकित हत्याकांड में ताहिर को मृत्युदंड दें



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सोमवार को आसूचना ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की सनसनीखेज हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए आप के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन और चार अन्य लोगों को मृत्युदंड दिए जाने का आग्रह किया।

## जंतर-मंतर पर पुलिस एक्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# केवल आंदोलन होने पर लाठीचार्ज सही नहीं ज्यादतियों के आरोपों की होगी 'स्वतंत्र जांच'

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि संविधान के तहत शांतिपूर्ण और कानूनी विरोध का अधिकार पूरी तरह से सुरक्षित है। जब तक विरोध शांतिपूर्ण है, अत्यधिक बल का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता

सुप्रीम कोर्ट ने आज मौखिक रूप से कहा कि शांतिपूर्ण और कानूनी विरोध का अधिकार संवैधानिक रूप से सुरक्षित है और सिर्फ आंदोलन लाठीचार्ज को सही नहीं ठहरा सकता। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी मोहना की पीठ ने पेपर लीक के मुद्दे पर देश भर में विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस बल के उपयोग का आरोप लगाने वाली याचिकाओं के एक समूह का उल्लेख करते हुए ये टिप्पणियां कीं। न्यायालय ने आगे कहा कि पुलिस द्वारा की गई ज्यादतियों के आरोपों की स्वतंत्र रूप से जांच की जानी चाहिए। साथ ही कोर्ट ने देश भर में प्रदर्शनों से निपटने के लिए एक समान पुलिस प्रोटोकॉल की जरूरत पर जोर दिया। सभी याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई होगी।

**प्रदर्शनों से निपटने एक समान प्रोटोकॉल जरूरी**

लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अनुशासन जरूरी





### शांतिपूर्ण विरोध करने का पूरा अधिकार

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि संविधान के तहत शांतिपूर्ण और कानूनी विरोध का अधिकार पूरी तरह से सुरक्षित है। जब तक विरोध शांतिपूर्ण है, सिर्फ इसलिए कि विरोध हो रहा है, अत्यधिक बल का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। अगर अत्यधिक बल का इस्तेमाल किया जाता है, तो इसकी स्वतंत्र रूप से जांच होनी चाहिए। यह सिर्फ दिल्ली का मामला नहीं है। प्रोटोकॉल में एकरूपता जरूरी है। सिर्फ विरोध होने का मतलब लाठी-चार्ज नहीं है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अनुशासन जरूरी है।

**उनके पास हेलमेट होने चाहिए**

कोर्ट ने घटना में घायल पुलिसकर्मियों के परिवारों की ओर से पेश वकील की कार्यवाही में शामिल होने की अर्जी भी मंजूर कर ली। जस्टिस बागची ने मौखिक रूप से कहा कि किसी व्यक्ति को चोट पहुंचना, चाहे वह पुलिसकर्मी हो या छात्र, समान रूप से चिंता का विषय है। हम राज्य से यह पूछ सकते हैं कि ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए पुलिस को पर्याप्त उपकरण क्यों नहीं दिए गए। उनके पास हेलमेट होने चाहिए।

## डीपफेक, एआई-जनित पोस्ट पर गडकरी मेटा, एक्स और अन्य पर कर सकेंगे मुकदमा

### बंबई उच्च न्यायालय के निर्देश

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को उनके खिलाफ अपलोड किए गए 'मानहानिकारक' डीपफेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-जनित पोस्ट को लेकर मेटा मंच, एक्स कॉर्प, गूगल एलएलसी और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दीवानी वाद दायर करने की सोमवार को अनुमति दे दी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गडकरी ने 'लेटर्स पेटेंट' के खंड-12 के तहत अनुमति याचिका दायर की थी।



### दल-बदल रोधी कानून पर केंद्र से जवाब मांगा

उच्चतम न्यायालय ने निर्दलीय राज्यसभा सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की उस याचिका की सुनवाई को लेकर को सहमति जताई, जिसमें संविधान की दसवीं अनुसूची की उस व्याख्या पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है, जिसके तहत विधायक और सांसद किसी अन्य राजनीतिक दल में विलय का दावा कर दल-बदल रोधी कानून के तहत अयोग्यता से बच सकते हैं। जस्टिस पीएस. नरसिम्हा और आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया।

## विजय को मद्रास हाईकोर्ट से झटका

# करूर भगदड़ पीड़ित परिजनों को नौकरी देने पर लगाई रोक

**मामला जांच के दायरे में** सुप्रीम कोर्ट निगरानी कर रहा





**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले में मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने राज्य सरकार के उन सरकारी आदेशों (जीओ) को रद्द कर दिया, जिनके तहत भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी देने का फैसला लिया गया था। यह आदेश करूर भगदड़ पीड़ितों के परिवारों के पुनर्वास पैकेज का हिस्सा था। अदालत ने इस मामले में दायर जनहित याचिकाओं (पीआईएल) का निपटारा करते हुए यह फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने कहा कि करूर भगदड़ मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है और इस जांच की निगरानी सुप्रीम कोर्ट कर रहा है, इसलिए वह मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं करेगी।

### 10 जुलाई को नियुक्ति पत्र सौंपे थे

सीएम विजय ने 10 जुलाई को सीएम बनने के बाद पहली बार करूर का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने सितंबर 2025 की करूर भगदड़ से प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वास कार्यक्रम की शुरुआत की थी। सीएम ने जान गंवाने वाले 41 लोगों के परिवारों में से 32 पात्र सदस्यों को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे थे। राज्य सरकार ने प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक पात्र सदस्य को सरकारी नौकरी देने का फैसला किया था। करूर दौरे के दौरान सीएम विजय ने जिला कलेक्टर कार्यालय में मृतकों के परिजनों से मुलाकात की थी और उनकी समस्याएं सुनी थीं। इसके बाद उन्होंने एक सार्वजनिक सभा को भी संबोधित किया।

### नौकरी मांगने वालों की बाढ़ आ जाएगी

अदालत ने कहा कि भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने संबंधी आदेश संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन करता है। पीठ ने यह भी कहा कि भगदड़ पीड़ितों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने के आदेश से इसी तर्ज पर नौकरी की मांग करने वालों की बाढ़ आ जाएगी।

## वाहन आरसी पर सरकार लाई मसौदा

# 6 महीने तक आरसी ट्रांसफर नहीं तो डीलर होगा मालिक!

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारत में वाहन पंजीकरण प्रक्रिया में केंद्र सरकार ने एक नए नियम का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत यदि कोई खरीदार वाहन खरीदने के 6 महीने के भीतर औपचारिक रूप से मालिकाना हक का ट्रांसफर पूरा नहीं करता है, तो उस वाहन का मालिकाना हक खुद-ब-खुद डीलर के नाम पर ट्रांसफर हो जाएगा। यह कदम भारत के वाहन बाजार में अक्सर देखी जाने वाली उस लापरवाही को खत्म करने के लिए उठाया गया है। जहां खरीदारी के बाद लंबे समय तक आरसी (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) ट्रांसफर नहीं कराई जाती है और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) रिकॉर्ड में कानूनी देनदारियों का बोझ पुराने मालिक या डीलर पर ही बना रहता है।



## पीएम मोदी ने प्लास्टिक प्रदूषण पर जताई चिंता

दोबारा इस्तेमाल कर बनाएं वस्तुएं

# वर्षों तक प्रकृति को नुकसान, कचरे का सही तरीके से निपटारा बेहद आवश्यक

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में प्लास्टिक प्रदूषण की बढ़ती समस्या का जिक्र किया है। एक बार इस्तेमाल होने वाला प्लास्टिक फेंके जाने के बाद वर्षों तक प्रकृति को नुकसान पहुंचाता रहता है। इसलिए प्लास्टिक कचरे का सही तरीके से निपटारा बेहद जरूरी है। बेकार प्लास्टिक को दोबारा इस्तेमाल कर नई वस्तुएं बनाकर कचरे से कमाई करें।

'कचरे से कमाई' के साथ खोजने की अपील



**देश रोज 11,300 प्लास्टिक कचरा पैदा कर रहा**

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने संसद में बताया है कि 2022-23 में देश में 41.3 लाख टन प्लास्टिक कचरा पैदा हुआ। यानी औसतन हर दिन करीब 11,300 टन प्लास्टिक कचरा निकला।

### एकल प्लास्टिक उत्पाद प्रतिबंधित

पर्यावरण मंत्रालय ने 12 अगस्त 2021 को प्लास्टिक कचरा प्रबंधन संशोधन नियम जारी किए। इसके तहत कम उपयोगिता और ज्यादा कचरा फैलाने वाले चिह्नित एकल-उपयोग प्लास्टिक उत्पादों पर 1 जुलाई 2022 से प्रतिबंध लगा दिया गया।

### 207 लाख टन प्लास्टिक का पुनर्चक्रण

मार्च 2026 के आंकड़ों के मुताबिक, केंद्रीय ईपीआर पोर्टल पर 60,128 उत्पादक, आयातक और ब्रांड मालिक व 3,012 प्लास्टिक कचरा प्रसंस्करण इकाइयां पंजीकृत थीं। 2022 में ईपीआर दिशानिर्देश लागू होने के बाद करीब 207 लाख टन प्लास्टिक पैकेजिंग कचरे का पुनर्चक्रण किया जा चुका है।

**सड़कों में इस्तेमाल हो रहा :** प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियमों में स्थानीय निकायों को ऐसे प्लास्टिक कचरे का इस्तेमाल सड़क निर्माण में करने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रावधान है, जिसे आगे पुनर्चक्रित नहीं किया जा सकता। इसका इस्तेमाल सड़क निर्माण में किया जा सकता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मिल मजदूर का शव

**मलिहाबाद के हसनापुर पुलिया के पास की घटना, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। घर से किसी काम से निकले मजदूर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे पड़ा मिला राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कनार निवासी रामदुलारे (70) सोमवार सुबह घर से किसी काम से निकले थे। सोमवार शाम करीब 9 बजे पुलिस को राहगीरों द्वारा सूचना मिली कि हसनापुर पुलिया बुद्ध विहार के पास एक शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की शिनाख्त रामदुलारे के रूप में की जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक राम दुलारे पहले से ही पैरालिसिस लकवा की बीमारी से ग्रसित थे जिसका इलाज चल रहा था। पति की मौत की खबर सुनते ही पत्नी विद्यावती बेसुध होकर होकर जमीन पर गिर पड़ी जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया।



मृतक राम दुलारे फाइल – फोटो

मृतक राम दुलारे इधर-उधर मेहनत मजदूरी करता था मृतक के परिवार में पत्नी विद्यावती, दो बेटे नीरज, शिवदयाल एक विवाहित बेटी रेशमा है, जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा. पुलिस मामले की सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# व्यापारियों के हितों की रक्षा और व्यापार को सरल बनाना डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता - केशव प्रसाद मौर्य

**प्रयागराज में व्यापारी संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों से किया संवाद, सूर्य मूर्ति प्राकट्य उत्सव की जल कलश शोभायात्रा का किया शुभारंभ**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ 28 जुलाई 2026। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को जनपद प्रयागराज में आयोजित 'व्यापारी संवाद कार्यक्रम' में प्रतिभाग कर व्यापारियों से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन सरकार व्यापारियों के हितों की रक्षा, व्यापार को सरल, पारदर्शी एवं सुगम बनाने तथा प्रदेश में समृद्ध एवं सुरक्षित कारोबारी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, व्यापारिक सुविधाओं के विस्तार तथा निवेश एवं उद्योग के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होने, आधारभूत संरचना के तीव्र विकास तथा व्यापार हितैषी नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश आज निवेश और व्यापार का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। सरकार का लक्ष्य व्यापारियों के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक प्रगति को सुनिश्चित करना है। व्यापारी संवाद कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, व्यापारी एकता समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता, विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश मौर्य, अन्य जनप्रतिनिधिगण, व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।



इसके उपरांत उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज स्थित श्री हनुमत निकेतन मंदिर के निकट आयोजित सूर्य मूर्ति प्राकट्य उत्सव के अंतर्गत 151 पवित्र नदियों के जल कलशों की भव्य शोभायात्रा में सम्मिलित होकर विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा मंगलमय यात्रा को प्रयागराज से रवाना किया। उन्होंने इस आयोजन को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रेरक प्रतीक बताते हुए इसके सफल आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना भी की।

# महिला की सोने की बाली ठगी, दो शातिरों ने दिया वारदात को अंजाम

**भूखे युवक का नाटक कर महिला को झांसे में लिया, बीस रुपये के नोट में लिपटी कागज की गड्डी थमाकर फरार; सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कस्बे में रूमाल बदलकर ठगी करने वाले दो शातिरों ने एक महिला को अपना शिकार बना लिया। आरोपियों ने महज कुछ मिनटों में भरोसा जीतकर महिला की सोने की बाली और नकदी ठग ली। बदले में बीस रुपये के नोट में कागज की गड्डी लपेटकर रूमाल थमा दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। नई बस्ती धनेवा निवासी रामरती पत्नी भोलानाथ सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद दवा लेने आई थीं। अस्पताल से वापस लौटते समय सीएचसी के पास उन्हें एक युवक रोता हुआ मिला। युवक ने खुद को भूखा बताते हुए उनसे दस रुपये की मदद मांगी। तभी वहां दूसरा युवक पहुंचा और पहले युवक को 500 रुपये का नोट देते हुए खाने-पीने की व्यवस्था करने की बात कहने लगा। कुछ देर बातचीत के बाद दूसरे युवक ने रामरती को विश्वास में लेते हुए कहा कि वह अपनी सोने की बाली और रुपये रूमाल में रख दें, ताकि वे सुरक्षित रहें। महिला उसकी बातों में आ गईं और अपनी सोने की बाली तथा रुपये रूमाल में रखकर उसे दे दिए। शातिर ने बदले में दूसरा रूमाल थमाते हुए कहा कि उसमें उनके रुपये और बाली सुरक्षित हैं। घर पहुंचने पर जब रामरती ने रूमाल खोला तो उसमें पांच-पांच रुपये के दो सिक्के और बीस रुपये के नोट में लिपटी कागज की गड्डी मिली। यह देखकर उनके होश उड़ गए और उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने मलिहाबाद थाने पहुंचकर घटना की लिखित शिकायत दी। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं। उनकी पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा सरकार ने शिक्षा को चौपट कर दिया : अखिलेश



- नीट पेपर लीक के आंदोलन की सफलता के लिए नौजवानों को और उनके मनोबल को बधाई

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा जब से सरकार में आयी है उसने शिक्षा को चौपट कर दिया है। विश्वविद्यालयों, शिक्षा और परीक्षाओं का संघर्ष बहुत बड़ा है। भाजपा सरकार ने पूरी व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। भाजपा शिक्षा में अपने अंडर ग्राउंड और अनरजिस्टर्ड लोगों को बैठा रही है।

सोमवार को संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षा और शिक्षण संस्थाओं को बचाने के लिए विपक्ष एकजुट है। एक है। नीट पेपर लीक के आंदोलन की सफलता के लिए नौजवानों को और उनके मनोबल को बधाई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार छात्रों पर मुकदमा दर्ज कर रही है। बिहार में कई छात्रों को जेल भेज दिया। सोशल मीडिया पर लिखने पर सरकार जेल भेज रही है। छात्रों को परेशान किया जा रहा है। बिहार में पुलिस ने एके 47 का प्रयोग किया। सरकार नौजवानों की चेतना को चुनौती न दे। भाजपा शिक्षा और नौजवान विरोधी है। भाजपा के एजेंडे में नौकरी, रोजगार नहीं है। नीट परीक्षा लीक होने के बाद जिन बच्चों की जान गयी, सरकार ने उन परिवारों की क्या मदद की।

अखिलेश यादव ने कहा समाजवादी पार्टी पीडीए के साथ सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए संघर्ष जारी रखेगी। संविधान के तहत हक और सम्मान दिलाने के लिए काम करती रहेगी। समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में हराया है। हम लोग पीडीए के साथ सामाजिक न्याय के स्थापना की बात करते रहेंगे।

## गृह मंत्री को संसद में जवाब देना चाहिए : डिम्पल यादव

**लखनऊ।** सपा की मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने छात्रों के साथ बर्बरता की। छात्रों के साथ अत्याचार हो रहा है। अहिंसक आन्दोलन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया। पैलेट गन चलाया। कील लगी लाठियों से मारा। बच्चों को पीटा, बेटियों के कपड़े फाड़े। इस सब के लिए कौन जिम्मेदार है?

उन्होंने कहा कि गृह मंत्री को संसद में जवाब देना चाहिए। संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में पुलिस ने



आंदोलनकारी छात्रों पर एके 47 का प्रयोग किया। भाजपा सरकार छात्रों पर एफआईआर कर रही है। छात्र-नौजवानों को प्रताड़ित कर रही है। धमकी दे रही है। यह निंदनीय है। भाजपा सरकार लोगों की आजादी छीन रही है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान विरोधी काम कर रही है।

# हर विधानसभा क्षेत्र में बनेंगे अत्याधुनिक आदर्श पशु चिकित्सालय

**योगी सरकार की बड़ी पहल**
- डायलिसिस, आंखों की सर्जरी समेत मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं
- प्रत्येक अस्पताल पर खर्च होंगे तीन करोड़

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवाओं को आधुनिक और उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित बनाने की दिशा में योगी सरकार ने ऐतिहासिक पहल की है। प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस आदर्श पशु चिकित्सालय स्थापित किए जाएंगे, जहां पशुओं को सामान्य उपचार से लेकर जटिल एवं गंभीर बीमारियों के इलाज तक की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। प्रत्येक आदर्श पशु चिकित्सालय के निर्माण एवं उपकरणों पर 3 करोड़ से अधिक खर्च किए जाएंगे।

इन अस्पतालों में डायलिसिस यूनिट, डिजिटल एक्स-रे, आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, आंखों की सर्जरी, ऑर्थोपेडिक सर्जरी, रिकवरी वार्ड तथा भर्ती वार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। गंभीर रूप से बीमार पशुओं को अस्पताल में भर्ती कर उनका उपचार किया जाएगा, वहीं उनके भोजन, देखभाल और रिकवरी की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी।



पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि प्रदेश में पहली बार इस स्तर की व्यापक योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि अभी तक गंभीर बीमारियों अथवा जटिल सर्जरी के लिए पशुपालकों को बड़े शहरों और चुनिंदा संस्थानों का रुख करना पड़ता था, लेकिन नई व्यवस्था लागू होने के बाद आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। इससे लाखों पशुपालकों को बड़ी राहत मिलेगी। योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलों में पशुओं के लिए उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

अस्पतालों में उपचार की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही उपचार की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि प्रत्येक आदर्श पशु चिकित्सालय पर 2.55 करोड़ निर्माण कार्य तथा लगभग 50 लाख आधुनिक उपकरणों, फर्नीचर, सोलर सिस्टम एवं अन्य सुविधाओं पर व्यय किए जाएंगे।

इस योजना का उद्देश्य जिला स्तर से लेकर विधानसभा क्षेत्र तक पशु चिकित्सा सुविधाओं का मजबूत नेटवर्क विकसित करना है, ताकि विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को लंबी दूरी तय न करनी पड़े। सरकार इस योजना के अंतर्गत विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों एवं पैरा वेटरनरी स्टाफ की भी तैनाती करेगी। उन्हें आधुनिक उपकरणों के संचालन, आपातकालीन उपचार, ऑपरेशन में सहयोग और पशुओं की देखभाल का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उपचार की गुणवत्ता और अधिक बेहतर हो सकेगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में लाखों परिवार डेयरी, दुग्ध उत्पादन, बकरी पालन एवं अन्य पशुधन गतिविधियों पर निर्भर हैं। गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से पशुओं की मृत्यु दर में कमी आएगी, उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और पशुपालकों की आय में भी सकारात्मक वृद्धि होगी। योगी सरकार की यह पहल पशुधन संरक्षण, ग्रामीण समृद्धि और आधुनिक पशु चिकित्सा सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# हरियाणा विधानसभा की शिक्षा समिति ने यूपी के शिक्षा मॉडल को बताया अनुकरणीय

- योगी सरकार के शैक्षिक सुधारों और नवाचारों से प्रभावित हुई उच्चस्तरीय समिति
- उच्च शिक्षा से लेकर डिजिटल गवर्नेंस तक की सराहना

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा क्षेत्र में किए गए नवाचारों का अध्ययन करने के लिए हरियाणा विधानसभा की उच्चस्तरीय शिक्षा समिति सोमवार को लखनऊ पहुंची। विधानसभा सभागार में आयोजित बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने योगी सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे व्यापक सुधारों, डिजिटल गवर्नेंस, शोध एवं नवाचार तथा छात्र कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की। बैठक में समिति के चेयरपर्सन लक्ष्मण सिंह यादव सहित अन्य सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

समिति ने उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को अन्य राज्यों के लिए उपयोगी और अनुकरणीय बताया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रदेश में 24 राज्य विश्वविद्यालय, 56 निजी विश्वविद्यालय, एक डीम्ड विश्वविद्यालय और एक मुक्त विश्वविद्यालय सहित हजारों महाविद्यालय संचालित हैं। साथ ही 71 नए राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना की गई है, जिनमें से 46 में शैक्षिक सत्र 2025-26 से प्रवेश एवं अध्यापन कार्य प्रारंभ हो चुका है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस), मल्टीपल एंट्री-एग्जिट सिस्टम तथा रोजगारपरक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। डिजिटल गवर्नेंस को सशक्त बनाने के लिए 'समर्थ' पोर्टल और ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है, जबकि शिक्षकों और कर्मचारियों का सेवा विवरण मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध कराया गया है। उच्च शिक्षा से जुड़े शिक्षकों और उनके आश्रितों के लिए मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना की शुरूआत की है, जिसके अंतर्गत लगभग 7.5 लाख लाभार्थियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

वहीं, स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं। बैठक में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प, मुख्यमंत्री मॉडल एवं अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, शिक्षक प्रशिक्षण और निपुण भारत मिशन जैसी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। समिति ने उत्तर प्रदेश के शिक्षा मॉडल को गुणवत्तापूर्ण, तकनीक-सक्षम और छात्र-केंद्रित बताते हुए कहा कि इससे अन्य राज्यों को भी सीख मिल सकती है।

# पीएम सूर्य घर योजना के तहत 7 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित

- मुफ्त बिजली, हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्तर प्रदेश बना अग्रणी राज्य : एके शर्मा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने नया इतिहास रच दिया है। प्रदेश में 7 लाख से अधिक आवासीय रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश, गुजरात के बाद देश में आवासीय रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के मामले में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। यह जानकारी नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि लगभग ढाई वर्षों में प्राप्त यह उपलब्धि प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीतियों, पारदर्शी एवं डिजिटल कार्यप्रणाली, प्रभावी क्रियान्वयन तथा आकर्षक केंद्र एवं राज्य सरकार की सब्सिडी योजनाओं का परिणाम है। प्रदेशवासियों की बढ़ती भागीदारी ने भी इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रदेश में आवासीय रूफटॉप सोलर की स्थापित क्षमता 2,000 मेगावाट से अधिक हो चुकी है। इसके माध्यम से लाखों परिवारों को स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा उपलब्ध हो रही है, बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है और अनेक उपभोक्ता मुफ्त बिजली का लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही प्रतिदिन करोड़ों यूनिट स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन से कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और पर्यावरण संरक्षण को भी नई गति मिली है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश केवल रूफटॉप सोलर स्थापना तक सीमित नहीं है, बल्कि सोलर मॉड्यूल एवं डीसीआर पैनल निर्माण, इन्वर्टर निर्माण, बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस), पीयर-टू-पीयर ऊर्जा व्यापार, डिजिटल ऊर्जा प्लेटफॉर्म तथा संचालन एवं रखरखाव सेवाओं के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे प्रदेश में निवेश, रोजगार और हरित औद्योगिक विकास को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक पात्र परिवार तक स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा पहुंचाना है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में भूमिका निभा रही है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश नवीकरणीय ऊर्जा और रूफटॉप सोलर के क्षेत्र में देश का अग्रणी मॉडल बनकर उभरेगा।

# पेटीएम अपडेट करने का झांसा देकर दुकानदार से ठगे 93 हजार रुपए

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में करीब ढाई माह पहले पेटीएम अपडेट करने के बहाने एक साइबर ठग ने लइया-चूरा के फुटकर दुकानदार के बैंक खाते से 93 हजार रुपये उड़ा दिए। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत करने के साथ बंथरा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के अंबरपुर निवासी पीड़ित गुड्डू के मुताबिक वह लइया चूरा का फुटकर विक्रेता है। गुड्डू का कहना है कि 7 मई 2026 को वह बंथरा बाजार में दुकान लगाए हुए था। तभी दोपहर करीब एक बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने पेटीएम अपडेट करने की बात कहकर उसका मोबाइल फोन ले लिया। दुकानदार गुड्डू का कहना है कि वह ग्राहकों में व्यस्त था। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर आरोपी ने ऑनलाइन दो ट्रांजेक्शन के जरिए उसके पंजाब नेशनल बैंक खाते से 93 हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद मोबाइल लौटाकर आरोपी वहां




से चला गया। पीड़ित का कहना है कि 13 मई को वह बैंक में पासबुक अपडेट कराने गया, तब उसे खुद के साथ ठगी होने का पता चला। इसके बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के साथ 27 जुलाई सोमवार को मामले की तहरीर बंथरा थाने में दी। फिलहाल बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से आरोपी की पहचान और धनराशि की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# एथेनॉल मिश्रित ईंधन नीति को लेकर अजय राय ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

- उपभोक्ताओं पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को लेकर लिखा पत्र

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एथेनॉल मिश्रित ईंधन नीति की घोर विफलता, व्यापक भ्रष्टाचार और उपभोक्ताओं पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को लेकर आम जनता में फैल रहे व्यापक आक्रोश को देखते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी व पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को तत्काल बर्खास्त कर निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा है कि उन्होने पूर्व में एथेनॉल मिश्रित ईंधन नीति से जुड़े वैज्ञानिक, आर्थिक, पर्यावरणीय तथा उपभोक्ता हितों को देखते हुए पूर्ण पारदर्शिता, स्वतंत्र वैज्ञानिक परीक्षण तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए आग्रह किया था किन्तु अभी तक न उसका कोई सार्वजनिक जवाब दिया गया और न ही उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। इसके विपरीत, सरकार ई20 के बाद ई85 एवं ई100 जैसी नीतियों की दिशा में आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। इससे यह धारणा और मजबूत हुई है कि भारत में 35 करोड़ से अधिक पंजीकृत वाहनों के उपभोक्ताओं की आशंकाओं और जनहित की घोर उपेक्षा करते हुए इस नीति को हर हाल में आगे बढ़ाना ही सरकार की प्राथमिकता बन गया है। उन्होंने कहा है कि एथेनॉल मिश्रण की नीति के समर्थन में यह कहा गया था कि इससे आयातित तेल पर निर्भरता घटेगी, किसानों को लाभ होगा तथा उपभोक्ताओं को अपेक्षाकृत सस्ता ईंधन मिलेगा किंतु आज एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल भी लगभग उसी मूल्य पर उपलब्ध है जिस मूल्य पर सामान्य पेट्रोल मिलता था।

उन्होंने लिखा कि आम धारणा है कि यदि पेट्रोल में पानी, मिट्टी का तेल या अन्य पदार्थ की मिलावट पाई जाती थी, तो संबंधित पेट्रोलपम्प उत्तरदायी होता था। आज जब एथेनॉल मिश्रण स्वयं तेल कंपनियों द्वारा किया जा रहा है, तब किसी वाहन में तकनीकी समस्या, माइलेज में कमी या इंजन को क्षति का कोई उत्तरदायी नहीं है। बीमा दावों और वाहन वारंटी को लेकर विवाद उत्पन्न हो रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि पूर्व में लिखे गये पत्र में केवल स्वतंत्र वैज्ञानिक परीक्षण, पारदर्शिता और जनहित की मांग की थी। अब यह विषय केवल नीति का नहीं, बल्कि मंत्री स्तरीय जवाबदेही का बन चुका है। संबंधित मंत्रालय इन गंभीर प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर देने, जनहित की रक्षा करने तथा नीति-निर्माण में पूर्ण पारदर्शिता स्थापित करने में विफल रहे हैं।

## आरपीआई छोड़कर सैकड़ों युवा कांग्रेस में शामिल



लखनऊ। हरदोई के आरपीआई के प्रदेश प्रवक्ता प्रशांत मिश्रा और हरदोई, सीतापुर, लखनऊ, लखीमपुर एवं उन्नाव के उनके सैंकड़ों समर्थकों ने आरपीआई छोड़कर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अजय राय ने इस मौके पर प्रशांत मिश्रा एवं उनके साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार में लगातार युवाओं के जुड़ने से संगठन को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि चाहे युवा हों, छात्र हों, किसान हों, हर मुद्दे पर केवल हमारे नेता राहुल गांधी सहित पूरी पार्टी ही सड़कों पर उतरकर लड़ रही है। सरकार तानाशाही और युवा, छात्र, किसान विरोधी रवैया अपनाये हुए है। कांग्रेस पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

इस मौके पर प्रशान्त मिश्रा के साथ पवन कुमार, अनिल कपूर, सुखविन्दर सिंह, विपिन कुमार सिंह, रामचन्द्र गौतम, शमशेर, उमेश कुमार राठौर, अनुज पाण्डेय सहित सैंकड़ों युवाओं ने रिपब्लिकन पार्टी आफ इण्डिया छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय, विचार विभाग के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, अब्दुल्ला शेर खान, कुलदीप दिवाकर आदि वरिष्ठ नेताओं ने सदस्यता ग्रहण करने वालों का स्वागत किया।

# झपकी लगते ही हाईवे किनारे गुमटी में घुसा पिकअप, तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। संडीला से लखनऊ की ओर आ रहा एक पिकअप डाला अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे रखी गुमटी में जा घुसा। हादसे में गुमटी के बाहर बैठे तीन युवक घायल हो गए, जबकि गुमटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

जानकारी के अनुसार, रहीमाबाद थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव के पास स्थित जिओ पेट्रोल पंप के पास रविवार रात करीब 11 बजे तेज रफ्तार पिकअप डाला अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी गुमटी से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि बाहर बैठे मलिहाबाद थाना क्षेत्र के माधौपुर निवासी वीर सिंह, सदरपुर निवासी आकिब और केवलहार निवासी नवाज इसकी चपेट में आ गए। वाहन



दुकान के बाहर का सामान टूटा पड़ा

सड़क किनारे बांस बालियों से टकराकर फंसकर रुका। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल वीर सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया। रहीमाबाद एसआई करन सिंह ने बताया कि मल्लावां निवासी चालक खेमकरन को हिरासत में लेकर पिकअप डाले को कब्जे में ले लिया गया है। पूछताछ में चालक ने बताया कि वाहन चलाते समय उसे नींद की झपकी आ गई थी, जिससे वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। चालक हरदोई जिले में दवाइयों की आपूर्ति कर वापस लौट रहा था। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## संक्षेप

### दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत दोनो सवार घायल

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई उन्नाव रोड पर हफीजाबाद के निकट दो बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सीएचसी फतेहपुर चौरासी भेजा गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सफीपुर निवासी असलम पुत्र मैकू जो सोमवार सुबह हफीजाबाद स्थित अपनी दुकान पर जा रहा था। अभी वह हफीजाबाद पहुँचने ही वाला था तभी बांगरमऊ की तरफ से आ रहे बाइक सवार अमृत लाल पुत्र कामता सीधे टकरा गए। जिससे दोनों घायल हो गए घायलों को आस पास के लोगों ने सीएचसी भिजवाया। जहाँ असलम की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### जेवर व पैसे लेकर युवती हुई लापता मां ने दिया प्रार्थना पत्र

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के केवनी गांव निवासिनी एक महिला ने अपनी 19 वर्षीय पुत्री को घर से भाग जाने का प्रार्थना पत्र दिया, प्रार्थना पत्र देते हुए महिला ने बताया कि मेरी बेटी मेरी बूढ़ी सास के साथ घर पर थी, मैं अपने खेतों में धान के पौधे रोपने गए थे, धान रोप के जब घर वापस आये तो बेटी घर पर नही था, काफी देर ढूंढा पर नही मिली उसका मोबाइल भी घर ही पर मिला, घर मे कुछ सामान भी अस्त व्यस्त मिला, जब घर मे खंगाला गया तो 20 हजार रुपये नकद मेरे दो जोड़ी पायल एक पतली चांदी की चैन, बेसर व झाले तथा उसका आधार कार्ड नही मिला। महिला ने बताया कि मेरी बेटी 81 27 32 00 61 पर किसी से बात करती थी, मेरी बेटी को गांव के ही हिमांशु पुत्र श्रीपाल भगा कर ले गया है। थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, तहरीर के आधार पर अभियोग पंजिकृत करते हुए वांछित की तलाश की जा रही है

### जमीनी विवाद में दो पक्ष आमने सामने मौके पर पहुंची पुलिस टला विवाद

बांगरमऊ, उन्नाव। जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए किंतु पी आर वी पहुंचने से बड़ा विवाद होने से टल गया दोनो पक्षों द्वारा तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई है। बांगरमऊ के गांव सुल्तानपुर निवासी एक पक्ष के वसीम पुत्र इकराम ने उपजिलाधिकारी को पत्र देकर कहा है कि उसे खेत जोतने के दौरान विपक्षी महिलाओं द्वारा विध्न डालकर कार्य रोका गया जिससे कार्यवाही की मांग की है वही दूसरे पक्ष के रामनरेश पुत्र रामचरण ने अपने खेत पर जबरन कब्जा करने व जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। उधर ग्रामीणों में चर्चा है विवाद वाला खेत मुख्य रास्ते के किनारे स्थित है जिसमें प्रथम पक्ष न्यायालय द्वारा आदेश प्राप्त के बाद आधा हिस्सा रास्ते की तरफ चाहता है जबकि दूसरा पक्ष अपना हिस्सा रास्ते की तरफ बताते हुए प्रथम पक्ष को कब्जा करने नहीं देना चाहता है। इसी कब्जेदारी को लेकर सोमवार को दोनों पक्ष आमने सामने हो गए गनीमत रही पी आर वी पुलिस पहुंचने से विवाद मारपीट में बदलने से बच गया।

## जनसंपर्क अभियान तेज, गांव-गांव पहुंचकर सुनी जनसमस्याएं


अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। 162 विधानसभा बांगरमऊ क्षेत्र में युवा भाजपा नेता पुनीत गुप्ता का जनसंपर्क अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम आशायस, नंगाखेड़ा, मटुकरी, फतेहपुर-84, हाफिजाबाद, लबानी, गुरदासपुर एवं मोतीखेड़ा का व्यापक दौरा कर सम्मानित ग्रामवासियों से आत्मीय भेंट की तथा उनका आशीर्वाद और स्नेह प्राप्त किया। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने युवा भाजपा नेता पुनीत गुप्ता का गर्मजोशी से स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों, किसानों की चुनौतियों, युवाओं के रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल तथा अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपने विचार और सुझाव रखे। पुनीत गुप्ता ने सभी की बातों को गंभीरता से सुना और जनहित से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ?जनसेवा ही मेरा संकल्प है। जनता का विश्वास और स्नेह मेरी सबसे बड़ी ताकत है। क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए मैं निरंतर समर्पित भाव से कार्य करता रहूंगा। दौरे के दौरान भाजपा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से मंडल अध्यक्षों एवं सेक्टर प्रभारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी, जनसंपर्क अभियान को और तेज करने तथा आगामी चुनावों को लेकर संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी पदाधिकारियों ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की नीतियों से जोड़ने का संकल्प लिया। ग्रामीणों और कार्यकताओं में युवा भाजपा नेता पुनीत गुप्ता को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उनके जनसंपर्क अभियान में भाग लेकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अपने सुझाव दिए। पूरे दौरे के दौरान आत्मीय संवाद, जनविश्वास और संगठनात्मक मजबूती की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। क्षेत्र में लगातार हो रहे जनसंपर्क, संगठनात्मक बैठकों और कार्यकताओं के साथ समन्वय को लेकर राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज है। स्थानीय कार्यकताओं का कहना है कि गांव-गांव पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद स्थापित करने से संगठन और जनता के बीच विश्वास और अधिक मजबूत हो रहा है।

## दो महीने से बिजली संकट से जूझ रहा कश्यप मोहल्ला, पतले तारों पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार



परियर, उन्नाव। विद्युत उपखंड सफीपुर के अंतर्गत परियर कस्बे के कश्यप मोहल्ले में पिछले दो महीने से बिजली व्यवस्था लगातार प्रभावित होने का आरोप स्थानीय लोगों ने लगाया है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि बार-बार तार टूटने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी अनिल कश्यप, प्रदीप कश्यप, मिथिलेश, विमलेश कश्यप, दिलीप कश्यप, आशीष, सरोज, अमन, निखिल, रामू, श्यामू, मनीषा, सूरज, मुकेश, कुलदीप, गंगादीन और सोनू सहित अन्य लोगों का आरोप है कि मोहल्ले में लगाए गए बिजली के तार काफी पतले हैं। इसी कारण आए दिन फाल्ट होता है और लाइन टूट जाती है। उनका कहना है कि हर बार लाइन ठीक कराने के लिए लाइनमैन को बुलाना पड़ता है तथा प्रति मकान 30 लिए जाने का आरोप भी लगाया गया है। कुछ दिन बाद फिर वही समस्या दोबारा खड़ी हो जाती है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पावर हाउस का सीयूजी नंबर मिलाने पर फोन नहीं उठाया जाता, जिससे शिकायत दर्ज कराने में भी दिक्कत होती है। उनका कहना है कि अनियमित विद्युत आपूर्ति से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बुजुर्गों को गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ रही है और बरसात के मौसम में अंधेरा रहने से जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना रहता है।

इस संबंध में विद्युत उपखंड सफीपुर के एसडीओ एजाज अहमद से बात करने पर उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसे किसी मोहल्ले की जानकारी नहीं है जो दो महीने से लगातार इस समस्या से जूझ रहा हो। उन्होंने कहा कि संबंधित लोग लिखित आवेदन लेकर पावर हाउस आएं, जिसके बाद मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

समाचार लिखे जाने तक लाइनमैन ने फाल्ट ठीक कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी थी। मोहल्लेवासियों ने बताया कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं हुआ तो वे सदर विधायक पंकज गुप्ता को ज्ञापन सौंपेंगे। साथ ही जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि गुणवत्तायुक्त एवं मोटे तार लगवाकर समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए।

## बीसीआई द्वारा बढ़ाया अधिवक्ता पंजीकरण शुल्क अधिवक्ताओं ने विरोध कर सौंपा ज्ञापन



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील पाटन में सेंट्रल बार एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष विनय कुमार शुक्ला ने सोमवार को अधिवक्ता संघ की बैठक करते हुए बी सी आई अरविंद के द्वारा अधिवक्ता पंजीकरण शुल्क रुपया 22500 किए जाने का मामला उठाया जिस पर सभी अधिवक्ताओं ने इसका विरोध किया कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की गरीब असहाय नए अधिवक्ता जिनको अपना रजिस्ट्रेशन कराना है इतना रुपया नहीं दे पाएंगे इसको लेकर के उपजिलाधिकारी बीघापुर आनंद कुमार नायक को ज्ञापन सौंपा और सभी न्यायालय में प्रस्ताव भेजा इस मौके पर राजकुमार यादव अखिलेश प्रताप सिंह अरुण कुमार वर्मा मनीष कुमार जायसवाल रामखेलावन वर्मा रमेश चंद्र वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे

## मोबाइल से दूरी, संस्कारों से जुड़ेंगे बच्चे, स्कूल में बना 'बुजुर्ग ज्ञान बैंक'

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। बच्चों को मोबाइल की लत से दूर कर भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा परिषद के कम्पोजिट विद्यालय रनियाँमऊ में 'बुजुर्ग ज्ञान बैंक' की शुरूआत की गई है। जनपद में अपनी तरह की यह पहली पहल मानी जा रही है। इसके तहत गांव के वरिष्ठ नागरिक समय-समय पर विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को अपने अनुभवों और पारंपरिक ज्ञान से रूबरू कराएंगे।

विद्यालय के शिक्षक अमित तिवारी की पहल पर शुरू किए गए इस नवाचार के माध्यम से बच्चों को लोकगीत, लोककथाएं, खेती-बाड़ी के पारंपरिक तरीके, स्थानीय इतिहास, त्योहारों की महत्ता, घरेलू नुस्खे और सामाजिक परंपराओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही वरिष्ठ नागरिक अपने जीवन के संघर्ष, अनुभव और सीख भी विद्यार्थियों से साझा करेंगे, जिससे उनमें संस्कार, अनुशासन और सामाजिक सरोकार विकसित हो सकें।

अमित तिवारी ने बताया कि वर्तमान समय में बच्चे मोबाइल पर अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं। ऐसे में यदि उन्हें गांव के बुजुर्गों के साथ संवाद का अवसर मिलेगा तो वे अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़ेंगे। इससे बच्चों में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होगी।

खंड शिक्षा अधिकारी मनीद्र कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि 'बुजुर्ग ज्ञान बैंक' बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इस मॉडल को अन्य विद्यालयों में भी अपनाया जा सकता है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, जनपद उन्नाव में बेसिक शिक्षा परिषद के किसी विद्यालय में इस प्रकार का 'बुजुर्ग ज्ञान बैंक' स्थापित करने की यह पहली पहल है। इसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों और ज्ञान की अमूल्य विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। इस अवसर पर शिक्षक अमित तिवारी, देवेन्द्र त्रिपाठी, संतोषी देवी, कृपा शंकर, अनूप साहू, नीरज प्रजापति, राहुल, सरोजनी देवी, राधा देवी, सुदेवी सहित विद्यालय परिवार एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## बारिश में बहा मिट्टी का बंधा, देवीपुरवा व बन्दनपुरवा पर बाढ़ का खतरा

अमन लेखनी समाचार



परियर, उन्नाव। लगातार हो रही बारिश के बीच सदर तहसील क्षेत्र के देवीपुरवा गांव के बाहर गंगा नदी की बाढ़ से बचाव के लिए बनाया गया मिट्टी का बंधा बह गया है। इससे देवीपुरवा और बन्दनपुरवा गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि अब गंगा में मामूली जलस्तर बढ़ने पर भी दोनों गांवों में पानी घुस सकता है।

ग्रामीण तोताराम, शेरू यादव, लवकुश, शत्रोहन, मनीष, रामबाबू, लखन, हरिश्चंद्र, राकेश, राधेश्याम, दिनेश, इंद्रपाल, संजय, सूरज, गुरु, रामपाल, सत्यनारायण और अशोक समेत अन्य लोगों ने बताया कि पहले गंगा में अधिक बाढ़ आने पर ही गांव में पानी पहुंचता था, लेकिन बंधा बह जाने के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है। उनका कहना है कि अब हल्की बाढ़ भी गांव के लिए संकट बन सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि बंधा टूटने के बाद से गांव के लोग रातभर जागकर गंगा के जलस्तर पर नजर रख रहे हैं। उन्हें आशंका है कि यदि पानी का स्तर अचानक बढ़ा तो गांव में बाढ़ का पानी घुस सकता है। इससे किसानों की सैकड़ों बीघा फसल भी जलमग्न होने का खतरा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल क्षतिग्रस्त बंधे की मरम्मत कराने की मांग की है। साथ ही सदर विधायक पंकज गुप्ता से स्थायी समाधान के लिए पक्का बंधा बनवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो दोनों गांवों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## युवक ने वीडियो बनाकर सुसाइड किया, पत्नी-साले पर उत्पीड़न का आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले उसने करीब 4 मिनट का वीडियो बनाया जिसमें पत्नी और उसके रिश्तेदारों को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया।

मृतक की पहचान मगरवारा निवासी पवन राठौर उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई है। वह अपने माता-पिता, पत्नी रागिनी और 4 साल की बेटी के साथ रहता था। पवन के पिता सुनील राठौर एक जूता कंपनी में काम करते हैं।

परिजनों के अनुसार 5 साल पहले पवन की शादी कानपुर देहात की रागिनी से हुई थी। कुछ महीनों से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। 9 जुलाई को रागिनी बेटी को लेकर मायके चली गई थी। इसके बाद से पवन तनाव में था।

रविवार को जब माता-पिता घर के बाहर बैठे थे, पवन छत पर गया। टिनशेड की रॉड में नायलॉन की रस्सी बांधकर उसने मोबाइल पर वीडियो रिकॉर्ड किया और फंदा लगा लिया। कुछ देर बाद पिता ने कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो बेटा फंदे पर लटका मिला। पास में टेबल पर मोबाइल में रिकॉर्डिंग चल रही थी। पिता ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान मृतक के ससुराल पक्ष का कोई भी व्यक्ति नहीं पहुंचा।

पिता सुनील की तहरीर पर पुलिस ने पवन की पत्नी, सास, साले, साली और फुफेरे साले के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। पिता का आरोप है कि बहू का अपने फुफेरे भाई से संबंध था और ससुराल वाले पवन को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे।

मगरवारा चौकी प्रभारी रविशंकर पांडे ने बताया कि पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने व्यापार मण्डल का किया गठन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के चन्दनखेड़ा कस्बे के व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने मण्डल का गठन किया। इस दौरान अध्यक्ष पद चंद्रप्रकाश सोनी उर्फ बउआ महामंत्री पद पर रामचंद्र कश्यप कोषाध्यक्ष पद पर जसवंत सिंह उपाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार उर्फ पिंटू मंत्री पद पर अवधेश त्रिवेदी संगठन मंत्री पद पर नेत्रपाल सिंह संयुक्त मंत्री पद पर धीरेंद्र प्रताप सिंह को मनोनीत किया गया।



व्यापारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद के अंदर हर कस्बे के अंदर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का संगठन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले 6 वर्षों में कई मांगे पूरी हुई हैं जिसमें 10 लाख का दुर्घटना बीमा, व्यापारियों को पेंशन आयकर 3 लाख से बढ़कर 12 लाख, छोटे कारोबार के लिए 5 लाख रुपए का क्रेडिट कार्ड और 3000 एक मुस्त वार्षिक शुल्क देकर संपूर्ण भारत में 200 बार टोल टैक्स पर आ जा सकते है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री सुनील गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राज बहादुर सिंह, जिला सचिव संजय गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष मुन्नालाल कुशवाहा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा मेले से पहले गंगा तट की तैयारियां अधूरी, सड़क और सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार



परियर, उन्नाव। गुरु पूर्णिमा एवं आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर परियर गंगा तट पर लगने वाले स्नान मेले और 30 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह के मद्देनजर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसके बावजूद गंगा तट पर अब तक साफ-सफाई और मूलभूत व्यवस्थाएं पूरी नहीं हो सकी हैं। इससे स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में नाराजगी है। गंगा तट को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य भी अधूरा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था केवल औपचारिकता निभाते हुए दिन-रात मजदूर लगाकर सड़क को किसी तरह आवागमन लायक बनाने में जुटी है। उनका कहना है कि कई स्थानों पर पत्थर और गंगा की बालू डालकर खानापूर्ति की जा रही है। स्थानीय निवासी गुड्डू, भानु और सुधीर का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। वहीं पुलिया का निर्माण भी अभी अधूरा पड़ा है, बावजूद इसके उस मार्ग पर आवागमन शुरू करा दिया गया है। इससे किसी भी समय दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण पूरा करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा दिया गया अल्टीमेटम भी समाप्त हो चुका है, लेकिन कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका। उनका आरोप है कि ठेकेदार पर प्रशासन के निर्देशों का भी अपेक्षित असर दिखाई नहीं दे रहा है। श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हर वर्ष मेले से पहले केवल औपचारिक तैयारियां की जाती हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि प्रशासन कार्यदायी संस्था के खिलाफ कोई कार्रवाई करता है या फिर मामले को नजरअंदाज कर देता है।

## जलभाराव से जन मानस मे आक्रोश

### सीएम पोर्टल पर शिकायत होने के बावजूद कार्यवाही शून्य

अमन लेखनी समाचार

मौरावा, उन्नाव। मवई के पहाड़पुर गांव मे कुछ लोगो द्वारा तलाब मे जाने वाला वारिश के पानी को बाध देने के कारण ग्रामीणों को आवागमन मे बहुत कठिनाईया आ रही है नन्हे मुंहे बच्चो को स्कूल जाने के लिए गंदगी का पानी होते हुए जा रहे है मालूम हो कि योगी सरकार स्वच्छता अभियान पर विशेष कार्य कर रही है ताकि घातक बीमारियों से बचा जा सके है वही पुरवा तहसील के ग्राम सभा मवई के मजरा पहाड़पुर मे सुरक्षित तालाब मे बारिश का पानी बहकर इसी सुरक्षित तालाब मे वर्षो से जाता रहा है आरोप है कि इसी गांव के निवासी सुनील, उमा लोगो ने मार्ग पर बंधा बाध दिया है जिससे पीछे के रास्ते मे बारिश मे पानी खूब भर जाता है जिसकी शिकायत दिंनाक 10/07/2026 को उपजिलाधिकारी को करीब दो दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों मे मिलकर शिकायती पत्र दिया था कार्यवाही शून्य रही है दिंनाक 18/7/2026 को क्रमांक 300817226000 तहसील दिवस मे उक्त ग्रामीणों तहसील पहुंचकर शिकायत किया जिस पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मोके पर पहुंच कर बंधा खोलवा दिया लेकिन राजस्व कर्मी के खोलवाने के बाद कुछ देर बात रामकिशोर, सुरेश, उमेश, उमा ने खोलवाये गए मार्ग को पुनः बाध दिया मजेदार बात है कि पीड़ित पक्ष मुख्यमंत्री पोर्टल पर आई जी आर एस 92615600032961 पर शिकायत किया जिस पर स्थानीय पुलिस ने यह कहा समझाने का प्रयास किया लेकिन नहीं माने और दोनों पक्ष पर शांति भंग की कार्यवाही की गयी सोच का विषय है पुलिस के डर से लोग रास्ता क्या सब कुछ छोड़ सकते है फिर उक्त लोगो ने मार्ग कैसे बांध किया कोई राजनैतिक दवाब तों नहीं है यह बात लोगो मे चर्चा का विषय बना हुआ है इस सम्बन्ध मे क्षेत्रीय लेखपाल से मनीष यादव से दूरभाष से वार्ता करना चाहा तों फोन नहीं उठा लोगो का कहना है अगर हम लोगो को न्याय नहीं मिला तों जिला अधिकारी से मिलकर न्याय की गुहार लगाएंगे

## आगामी पर्व को लेकर शांति कमेटी की बैठक का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा आने वाले पवित्र सावन माह में कावड़ यात्रा तथा चेहल्लुम त्योहार को देखते हुए स्थानीय असोहा थाने में शांति कमेटी की बैठक आहूत की गई, जिसमे दोनों समुदाय से क्षेत्र के सभ्रात लोगो तथा ग्राम प्रधानों के साथ थाना प्रभारी फूल सिंह ने बैठक की, बैठक के दौरान उन्होंने लोगो से शांति तथा सहयोग बनाये रखने की बात कही, साथ ही उन्होंने कहा दोनों समुदायों में पड़ने वाले पर्व पर आपसी सामंजस्य बनाते हुए मनाये। इस दौरान रामनरेश लोधी, फिरोज अहमद, मनप्रीत सिंह, चमन यादव, साबिर अली, बूटा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे

## ट्रेन की चपेट से अज्ञात युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रेन की चपेट मे आने से एक लगभग 50 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पहचान हेतु मोर्चरी मे रखवा दियाबथाना क्षेत्र के चिकंदरपुर गांव के सामने उन्नाव प्रयागराज रेलवे लाइन के पोल संख्या 139/5 पर एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट मे आने से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज गया है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि घटना रविवार रात को प्रयागराज से चलने वाली ट्रेन 54101 प्रयागराज कानपुर पैसेंजर ट्रेन से घटी है। शव की पहचान नही हो पाई है। शव को कब्जे मे कर मोर्चरी मे रखवाया गया है।

## सुने घर का ताला तोड़कर दो युवकों ने की चोरी पुलिस ने धर दबोचा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में रविवार की रात सूने घर को निशाना बनाते हुए गांव के ही दो युवकों ने दरवाजे पर लगा ताला तोड़ दिया और घर के अंदर पहुंच कर कीमती सामान निकाल कर बाइक से ले जा रहे थे तभी ग्रामीणों ने देख लिया वीडियो बना कर पीडित को सूचना दी पीडित सोमवार को थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने वीडियो के आधार पर दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना क्षेत्र के शाहपुर सिंधौरा गांव निवासी शिव पाल पुत्र झम्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि वह परिवार के साथ चंडीगढ़ में रहता है और वहीं पर मजदूरी करता है घर पर ताला लगा हुआ था रविवार को गांव निवासी दो युवकों ने दरवाजे पर लगा ताला तोड़ दिया और अंदर पहुंच कर चालिस हजार रुपये कीमत की ज्वैलरी तांबे के बर्तन गैस चूल्हा सिलाई मशीन निकल कर बाइक पर लाद कर ले जा रहे थे तभी ग्रामीणों ने देख लिया और दोनों का वीडियो बना लिया और पीडित को घटना की सूचना दी पीडित पत्नी सुनीता के साथ थाने पहुंच कर तहरीर दी इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि वीडियो के आधार पर दो युवकों को हिरासत में लिया गया है और पूछताछ की जा रही है।

## सीएचसी में उमड़ी मरीजों की भीड़

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद भी संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम का कोई खास असर होता नहीं दिख रहा है वर्तमान समय महज दो प्रमुख अस्पतालों में करीब 1000 मरीज इलाज कराने पहुंच रहे है। गौरतलब हो सोमवार को गंजुरादाबाद अस्पताल रजिस्टर में कुल 180 नए मरीजों को पंजीकृत कर इलाज किया गया इसके अलावा पूर्व के दवा परचो पर भी मरीज देखे गए जिससे सोमवार कुल मिलाकर गंजमुरादाबाद में करीब 250 से अधिक लोग चिकित्सीय परामर्श व दवा लेने पहुंचे इसी तरह बांगरमऊ की ओ पी डी में करीब 500 मरीजों ने नए पर्चे बनवाकर चिकित्सा सेवाएं ली जबकि करीब 200 से अधिक पूर्व के पर्चा पर चिकित्सीय परामर्श लिया गया इसके अलावा बांगरमऊ इमरजेंसी वार्ड में भी तकरीबन 25 से 30 मरीज रोजाना पहुंच रहे है। जिससे कुल मिलाकर बांगरमऊ व गंजमुरादाबाद इन दोनों अस्पतालों में लगभग 1000 मरीज प्रतिदिन इलाज कराने पहुंच रहे है जिससे स्वास्थ्य सेवाएं लोगो की आवश्यकतानुसार कम पड़ती दिखाई दे रही है साथ ही पूर्व में संचारी रोगो को लेकर की गई तैयारियों का कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है। गंजमुरादाबाद के प्रभारी चिकित्सक मंजेश कुमार ने बताया है कि मौसम में बदलाव के कारण वर्तमान समय जुकाम, बुखार व त्वचा संबंधी रोगों के ज्यादा मरीज आ रहे है जिन्हें दवाएं देकर उपचार किया जा रहा है।

## विद्युत समस्या को लेकर विद्युत मंत्री संबोधित दिया पत्र

अमन लेखनी समाचार

असोहा क्षेत्र के नेवादा गांव के पूर्व ग्राम प्रधान वंश गोपाल, सन्तराम गोस्वामी, उमेश, कुलदीप, रामु गिरी, ममता, रामचन्द्र गोस्वामी, कंचन, रामबिलास गोसाई सहित दर्जनों निवासियों ने ऊर्जा को मंत्री को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता संजय शुक्ल को प्रार्थना पत्र दिया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 88, 89 में गांव का विधुतीकरण हुआ, तभी की लगी हुई लाइन पूरे गांव में दौड़ रही है, लाइन इतनी जर्जर हो गई तार रोज चु चु कर गिरते है, आये दिन फाल्ट होते रहते है। पूर्व में गांव में तीन ट्रांसफॉमर लगे थे, जो की पूरे गांव की आपूर्ति करते थे। लेकिन कुछ दिनों बाद विभाग द्वारा एक ट्रांसफार्मर गांव से खुलवा लिया गया जसके चलते लाइन में अधिक भार पड़ने के चलते आये दिन विधुत बाधित रहती है। ग्रामीणों उच्च छमता का ट्रांसफार्मर तथा जर्जर विधुत तार बदलवाए जाने की माँग की है, ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के बारे में जनप्रतिनधियो से लेकर विधुत उपकेंद्र पाठकपुर तथा पुरवा, जेई, अवर अभियंता सभी को अवगत लिखित व मौखिक करवाया लेकिंन समस्या का निराकरण आज तक नही हो सका। भाजपा नेता संजय शुक्ल ने बताया कि प्रार्थना पत्र आज ही मिला है, ऊर्जा मंत्री से मिलकर ग्रामीणों की समस्या का हल किया जाएगा

## संक्षेप

### विद्यालय के प्रिंसिपल कक्ष में निकला सांप और बिषखोपड़ी

**अमेठी में आधे घंटे के रेस्क्यू के बाद दोनों को जंगल में छोड़ा, बारिश से बढ़ा खतरा**

अमेठी ,गौरीगंज क्षेत्र स्थित गौरीपुर कंपोजिट विद्यालय में शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब विद्यालय खुलने के बाद प्रिंसिपल के कक्ष में एक सांप और बिषखोपड़ी दिखाई दी। दोनों जीव अलमारी के पीछे छिपे हुए थे। सूचना मिलते ही सर्पमित्र पप्पू मौर्य मौके पर पहुंचे और करीब आधे घंटे के रेस्क्यू अभियान के बाद दोनों को सुरक्षित पकड़कर पास के जंगल में छोड़ दिया। घटना शनिवार सुबह विद्यालय खुलने के कुछ देर बाद की है।शिक्षक जब प्रिंसिपल के कमरे में पहुंचे तो उन्हें अलमारी के पीछे एक रेड स्नेक (धामिन प्रजाति) का सांप और एक बिषखोपड़ी दिखाई दी। दोनों को देखकर विद्यालय स्टाफ में हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर कमरे को खाली करा दिया गया और बच्चों को उस स्थान से दूर रखा गया।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सर्पमित्रविद्यालय के प्रिंसिपल ने तुरंत सर्पमित्र पप्पू मौर्य को सूचना दी। जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू शुरू किया। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद उन्होंने पहले सांप और फिर बिषखोपड़ी को सुरक्षित पकड़ लिया।सुरक्षित जंगल में छोड़ा गयापूरा होने के बाद दोनों वन्यजीवों को किसी तरह की क्षति पहुंचाए बिना पास के जंगल में छोड़ दिया गया। इसके बाद विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों ने राहत की सांस ली। घटना के दौरान किसी छात्र, शिक्षक या कर्मचारी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। बारिश के मौसम में बरतें सावधानीसर्पमित्र पप्पू मौर्य ने बताया कि बारिश के मौसम में बिलों और निचले इलाकों में पानी भर जाने के कारण सांप और अन्य वन्यजीव सुरक्षित स्थानों की तलाश में घरों, स्कूलों और अन्य भवनों में पहुंच जाते हैं।

### फार्मासिस्ट पिटाई प्रकरण में नया मोड़

**भाजपा नेता ने गलत दवा देने का लगाया आरोप, थाने में दी तहरीर**

अमेठी , फार्मासिस्ट की पिटाई के वायरल वीडियो मामले में नया मोड़ आ गया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सौरभ पांडेय ने फार्मासिस्ट मुकेश कुमार द्विवेदी के खिलाफ मुंशीगंज थाने में तहरीर देकर गलत दवा देने, अभद्रता करने और गाली-गलौज का आरोप लगाया है।पुलिस अब दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच कर रही है।मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के मुसवापुर चौराहे का है। यहां सुल्तानपुर निवासी मुकेश कुमार द्विवेदी मेडिकल स्टोर संचालित करते हैं। इससे पहले मुकेश कुमार ने आरोप लगाया था कि ?850 का बकाया मांगने पर सौरभ पांडेय ने उनकी थप्पड़ों और चप्पलों से पिटाई कर दी थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने फार्मासिस्ट की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।'दवा से आराम नहीं मिला, उल्टा बढ़ गई परेशानीअब सौरभ पांडेय ने अपनी तहरीर में कहा है कि वह पिछले तीन महीने से त्वचा संबंधी समस्या का इलाज मुकेश कुमार द्विवेदी से करवा रहे थे।23 जुलाई को उन्होंने फोन कर बताया कि दवा से कोई लाभ नहीं हुआ, बल्कि त्वचा पर बड़े-बड़े दाने निकल आए हैं।

## कांवड़ यात्रा को लेकर कैसरगंज थाने में पीस कमेटी की बैठक

### प्रशासन ने दिए सौहार्द और सुरक्षा के संदेश

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। आगामी श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कैसरगंज थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कैसरगंज प्रशांत कुमार नायक ने की। बैठक में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रशांत कुमार नायक ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था और श्रद्धा का पर्व है, जिसे सभी लोग आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) कैसरगंज डी.के. श्रीवास्तव ने कांवड़ यात्रियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर चलते समय मुख्य सड़क के बीच में न चलें, बल्कि सड़क के किनारे सुरक्षित तरीके से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि मानव जीवन अमूल्य है, इसलिए यातायात नियमों का पालन करते हुए अपनी सुरक्षा और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सभी से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील भी की। थानाध्यक्ष कैसरगंज राजकुमार पांडेय ने अपने संबोधन में स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान अश्लील गीत बजाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों की गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यात्रा पूरी श्रद्धा, अनुशासन, भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में निकाली जाए, ताकि क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द की मिसाल कायम रहे। बैठक में उपस्थित मौलाना खालिद सहित अन्य संभ्रांत नागरिकों ने भी प्रशासन के संदेश का समर्थन करते हुए सभी समुदायों से आपसी प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना बनाए रखने की अपील की। सभी ने एक स्वर में कहा कि कैसरगंज की गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए, कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाया जाएगा। बैठक के अंत में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले अथवा शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से अपील की गई कि किसी भी समस्या या सूचना की स्थिति में तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि कांवड़ यात्रा पूरी सुरक्षा, श्रद्धा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

## प्रशांत कुमार नायक ने संभाला कैसरगंज उप जिलाधिकारी का पदभार

**जनता की समस्याओं का होगा प्राथमिकता पर समाधान**

**अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का ऐलान**

**अमन लेखनी समाचार**

**सिराज अली कादरी**



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज तहसील को सोमवार को नए उप जिलाधिकारी के रूप में एक नए प्रशासनिक अधिकारी की जिम्मेदारी मिली। प्रशांत कुमार नायक ने विधिवत रूप से कैसरगंज उप जिलाधिकारी (एसडीएम) का पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने तहसील परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं की प्रारंभिक जानकारी ली। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित सर्वोपरि रहेगा और आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण उनकी पहली प्राथमिकता होगी।नवनियुक्त एसडीएम प्रशांत कुमार नायक ने कहा कि तहसील दिवस हो या दैनिक जनसुनवाई, प्रत्येक फरियादी की शिकायत को पूरी गंभीरता के साथ सुना जाएगा। शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उप जिलाधिकारी ने अवैध खनन के मुद्दे पर भी कड़ा संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कैसरगंज तहसील क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं भी अवैध खनन की सूचना मिलती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध राजस्व, पुलिस एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## कीचड़ भरी सड़क से निकलना ग्रामीणों की मजबूरी

**बीडीओ शिवपुर को सौंपा ज्ञापन**




**अमन लेखनी समाचार**

शिवपुर, बहराइच। जिले के शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र की लालपुर शिवपुर ग्राम पंचायत के अमृतलाल पुरवा गांव में बदहाल सड़क से परेशान एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने सोमवार दोपहर करीब एक बजे ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग करते हुए समस्या से संबंधित फोटो भी ज्ञापन के साथ संलग्न किए।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की बदहाली को लेकर पूर्व में भी कई बार मौखिक और लिखित शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। सड़क खराब होने से अमृतलाल पुरवा समेत पांच अन्य गांवों के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ के कारण बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल है, वहीं मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में भी दिक्कत होती है। गांव तक वाहन भी आसानी से नहीं पहुंच पाते हैं।ग्रामीणों ने जल्द सड़क निर्माण कराकर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की। खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने बताया कि मामले को संज्ञान में लिया गया है। फिलहाल तत्काल मिट्टी पटाई, ईंट के टुकड़े और रॉबिस डलवाकर आवागमन बहाल कराने के निर्देश ग्राम सचिव राजमणि वर्मा को दिए गए हैं। हालांकि सवाल यह है की झोली भर आए ग्रामोत्थान के पैसों का अभी तक क्या किया गया जो ग्रामीणों को प्रदर्शन करना पड़ा।

## प्रधानमंत्री से विशेष संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए राष्ट्रपति से सम्मानित पर्यावरणविद् आयूष वर्मा

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित पर्यावरणविद् आयूष वर्मा ने प्रधानमंत्री कार्यालय एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित विशेष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ संवाद कर जनपद का गौरव बढ़ाया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), गोंडा से आयोजित किया गया, जिसमें जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद तथा जिला युवा अधिकारी शुभम भी उपस्थित रहे।

देश के विभिन्न राज्यों से चयनित युवाओं और प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के साथ आयोजित इस विशेष संवाद में प्रधानमंत्री ने विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण संरक्षण, युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका तथा भारत-नेपाल सीमा से जुड़े क्षेत्रों के समग्र विकास पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास विकसित भारत की परिकल्पना का महत्वपूर्ण आधार है और इसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

बहराइच निवासी आयूष वर्मा को पर्यावरण संरक्षण एवं युवा नेतृत्व के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के आधार पर इस राष्ट्रीय संवाद कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता और युवाओं को सामाजिक अभियानों से जोड़ने के उनके प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा चुका है।संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने सीमावर्ती गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, पर्यटन, कौशल विकास तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा आयोजित इस विशेष संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्वों से सीधा संवाद स्थापित कर 'विकसित भारत' के संकल्प को नई गति प्रदान करना था। प्रधानमंत्री के साथ इस संवाद में शामिल होना राष्ट्रपति सम्मानित पर्यावरणविद् आयूष वर्मा के साथ-साथ पूरे बहराइच जनपद के लिए भी गर्व और सम्मान का विषय माना जा रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से झूली विवाहिता



**फॉरेंसिक ने जुटाए साक्ष्य, खैरी घाट पुलिस जुटी जांच पड़ताल में**

**अमन लेखनी समाचार**

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत गुजरातीपुरवा गांव में रित्यांशी उम्र 20 वर्ष पत्नी अंकुल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार प्रातः कमरे में फंदे से लटकने की सूचना पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया, लोगों की भीड़ जुड़ गई। सूचना स्थानीय थाने की पुलिस को दी गई जिस पर पहुंची इलाकाई पुलिस टीम ने आवश्यक जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि महिला ने कमरे में फांसी लगा लिया है । जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है। शादी को अभी एक साल ही हुआ है। फील्ड यूनिट व मजिस्ट्रेट को सूचित किया गया तथा नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी की गई है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## 20 वाहनों का चालान, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

**अमन लेखनी समाचार**



रुपईडीहा, बहराइच। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रुपईडीहा पुलिस ने कस्बे के प्रमुख मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की गहन जांच करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की। जांच के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने, आवश्यक दस्तावेज साथ न रखने तथा अन्य नियमों की अनदेखी करने वाले 20 से अधिक वाहन चालकों के चालान किए गए। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट पहनने, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा एवं अन्य जरूरी दस्तावेज हमेशा साथ रखने की सलाह दी। यह अभियान उप निरीक्षक जितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उनके साथ उप निरीक्षक नीरज यादव, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, कांस्टेबल विकास सिंह तथा कांस्टेबल कन्हैया सिंह भी मौजूद रहे।

## जिले में डीएसआर तकनीक से धान की खेती में हो रहा अभिनव पहल

**बहराइच में जलवायु-स्मार्ट कृषि को मिलेगा बढ़ावा**

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल**



बहराइच। उत्तर प्रदेश कृषि विविधीकरण सहायता परियोजना (यूपी डॉस) द्वारा संचालित यूपी ऐग्रीज परियोजना के अंतर्गत जलवायु-सहिष्णु (क्लाइमेट रेजिलिएंट) कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद बहराइच के तेजवापुर एवं फखरपुर विकास खंडों में डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर.) तकनीक के माध्यम से धान की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस तकनीक के प्रचार-प्रसार एवं किसानों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु विभिन्न गांवों में फील्ड लेवल डेमोंस्ट्रेशन (एफ.एल.डी.) स्थापित किए गए हैं।

इसी क्रम में खमेरिया शुक्ल, गजपतिपुर, रामगांव तथा टेड़वा बसंतपुर गांवों में स्थापित प्रदर्शनों का निरीक्षण एवं किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आई.आर.आर.आई.) के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. आर. के. मलिक, एसोसिएट साइंटिस्ट डॉ. धीरज तिवारी, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर डॉ. विपिन कुमार, परियोजना वैज्ञानिक डॉ. विपिन कुमार शर्मा तथा जूनियर रिसर्च टेक्नीशियन राघवेंद्र ने किसानों के खेतों का भ्रमण किया और खेती से संबंधित तकनीकी सुझाव प्रदान किए।

किसानों को संबोधित करते हुए डॉ. आर. के. मलिक ने बताया कि डीएसआर तकनीक की सफलता में खरपतवार प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सलाह दी कि समय पर एवं अनुशंसित मात्रा में खरपतवारनाशी (हबीसाईड) का प्रयोग किया जाए। इसके साथ ही संतुलित उर्वरक प्रबंधन, उचित बीज दर, समय पर सिंचाई तथा फसल की नियमित निगरानी अपनाने से बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि डीएसआर तकनीक पारंपरिक रोपाई विधि की तुलना में कम पानी, कम श्रम तथा कम लागत में धान उत्पादन का प्रभावी विकल्प है। यह तकनीक जल संरक्षण के साथ-साथ खेती की लाभप्रदता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हो रही है।

इसके अतिरिक्त, डीएसआर तकनीक पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। पारंपरिक धान की खेती में खेतों में लंबे समय तक पानी भरा रहने के कारण मीथेन गैस का उत्सर्जन अधिक होता है, जो एक प्रमुख ग्रीनहाउस गैस है और जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देती है। डीएसआर पद्धति में खेतों में निरंतर जलभराव नहीं रहता, जिससे मीथेन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आती है। इस प्रकार यह तकनीक कार्बन फुटप्रिंट कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

किसानों ने भी डीएसआर तकनीक के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए बताया कि इस पद्धति से श्रम की आवश्यकता कम हुई है तथा समय की बचत के साथ खेती अधिक सुविधाजनक हुई है। यूपी ऐग्रीज परियोजना के माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि एवं कृषि की स्थिरता सुनिश्चित हो सके।

## मान्यता से अधिक कक्षाएं चलाते मिला विद्यालय

**डीआईओएस ने थमाया नोटिस; पंजीकरण रद्द और एफआईआर की चेतावनी**

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी ,शिक्षा विभाग की जांच के दौरान एक विद्यालय में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) डॉ. राजेश कुमार द्विवेदी ने गुंगवाछ स्थित आदर्श बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण में विद्यालय द्वारा मान्यता से अधिक कक्षाओं का संचालन, विद्यालय समय में कोचिंग चलाने सहित कई नियमों के उल्लंघन पाए गए। इसके बाद डीआईओएस ने विद्यालय प्रबंधक को नोटिस जारी कर 27 जुलाई तक साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण मांगा है। जांच के दौरान सामने आया कि आदर्श बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल को केवल कक्षा आठ तक संचालन की मान्यता प्राप्त है। इसके बावजूद विद्यालय परिसर में माध्यमिक स्तर की कक्षाएं संचालित की जा रही थीं। इसके अलावा विद्यालय समय में ही कोचिंग कक्षाएं भी चलाई जा रही थीं, जो विभागीय नियमों के विपरीत है।भवन सुरक्षा मानकों पर भी खरा नहीं उतरा विद्यालयनिरीक्षण में विद्यालय भवन भी निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। कई कक्षाएं ऐसे कमरों में संचालित होती मिलीं, जो मानकविहीन और असुरक्षित थे। कमरों में पर्याप्त रोशनी और वेंटिलेशन की व्यवस्था भी नहीं थी। इसके साथ ही विद्यालय अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) भी प्रस्तुत नहीं कर सका। पेयजल, शौचालय और फर्नीचर जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव डीआईओएस को निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छात्रों के लिए मूलभूत सुविधाओं की भी कमी मिली।

परिसर में पर्याप्त पेयजल, शौचालय और फर्नीचर की समुचित व्यवस्था नहीं थी।इन कमियों को गंभीर मानते हुए विभाग ने विद्यालय प्रबंधन से विस्तृत जवाब तलब किया है।जवाब नहीं मिला तो होगी सख्त कार्रवाई जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार को नोटिस जारी कर साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं।

## रुपईडीहा बाजार में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**अमन लेखनी समाचार**

रुपईडीहा, बहराइच। क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रुपईडीहा पुलिस ने सोमवार को कस्बे के प्रमुख बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल फ्लैग मार्च निकाला।

इस दौरान पुलिस टीम ने बाजार, मुख्य चौराहों तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और लोगों से सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस कर्मियों ने बाजार में मौजूद व्यापारियों और आम नागरिकों से संवाद भी किया तथा उन्हें सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारियां दीं। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति भंग करने वाले एवं असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर लगातार नजर रखी जा रही है और ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उप निरीक्षक जितेश कुमार सिंह ने बताया कि आमजन में सुरक्षा की भावना को और अधिक मजबूत करने, अपराधों की रोकथाम तथा कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए पुलिस की पैदल गश्त और फ्लैग मार्च आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे। इस दौरान उप निरीक्षक जितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक नीरज यादव, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, कांस्टेबल विकास सिंह एवं कांस्टेबल कन्हैया सिंह मौजूद रहे।

## सपा ने जौहर-विश्वविद्यालय के भवनों के ध्वस्तीकरण का विरोध किया

**शाहजहांपुर में सपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा**

**अमन लेखनी समाचार**



शाहजहांपुर ,समाजवादी पार्टी की अल्पसंख्यक सभा ने शाहजहांपुर में सोमवार दोपहर तीन बजे मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय, रामपुर से संबंधित 38 भवनों के ध्वस्तीकरण के आदेश के खिलाफ प्रदर्शन किया। पार्टी ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों की रक्षा की मांग करते हुए राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से नगर मजिस्ट्रेट रजनीकांत पांडे को सौंपा। यह प्रदर्शन सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष हफीज अंसारी के नेतृत्व में खिरनी बाग जीआईसी मैदान के पास हुआ, जिसमें दर्जनों पार्टी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि सपा रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों को ध्वस्त किए जाने के आदेश का कड़ा विरोध करती है। उन्होंने इसकी तत्काल निरस्तीकरण की मांग की। खान ने जोर दिया कि शिक्षा के मंदिरों पर बुलडोजर चलाना लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की भावना और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्रवाई से हजारों छात्र-छात्राओं की शिक्षा, शोध और रोजगार की संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार से ध्वस्तीकरण के आदेश को तत्काल रद्द करने, विश्वविद्यालय और विद्यार्थियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने तथा शिक्षा संस्थानों को राजनीतिक प्रतिशोध का माध्यम बनाना बंद करने की मांग की। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर परिस्थिति में छात्रों, शिक्षकों और शिक्षा के अधिकार के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला और प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद ने भी ध्वस्तीकरण के आदेश को तत्काल निरस्त करने तथा छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक भविष्य और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की मांग दोहराई।

## संक्षेप

### यूपी में अमरूद खिलाने के बहाने पत्नी की हत्या

**पति गला घोंटने के बाद थाने पहुंचा, बोला– उसे मार दिया, पेड़ के पास लाश पड़ी है**

बागपत,एक पति ने अमरूद खिलाने के बहाने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी।इसके बाद पति खुद थाने पहुंचा और पुलिस से बोला- मैंने अपनी पत्नी को मार डाला है।लाश अमरूद के पेड़ के पास पड़ी है। चलकर उठा लीजिए।यह सुनते ही पुलिसवाले चौंक गए। वे तुरंत आरोपी को लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। आरोपी पति ने पूछताछ में बताया- पत्नी मुझसे बहुत लड़ती थी। शनिवार दोपहर 2 बजे उसे अमरूद खिलाने के बहाने बाग में ले गया। यहां मौका देखते ही पीछे से आकर पत्नी को गिरा दिया। इसके बाद उसका गला घोंट दिया। घटना रमाला इलाके की है।पति बोला- पत्नी से लड़ते-लड़ते तंग आ गया था बराल गांव में संदीप ( 40 ) का अपनी पत्नी मधु ( 35 ) से अक्सर झगड़ा होता था। उसने पुलिस को बताया कि वह आए दिन परेशान रहता था।इसी वजह से उसने मधु को रास्ते से हटाने के लिए मर्डर का प्लान बनाया।शनिवार दोपहर दो बजे वह पत्नी मधु को अमरूद तोड़ने के बहाने गांव के पास ट्यूबवेल पर ले गया।यहां मधु के साथ अमरूद तोड़ने का नाटक करने लगा। मौका पाते ही उसने मधु को नीचे गिरा दिया। उसके ऊपर बैठकर उसका गला घोंट दिया। हत्या के बाद 3 किमी दूर संदीप थाने पहुंचा। पुलिसवालों से बोला- मैंने अपनी पत्नी का मर्डर कर दिया है।पुलिस टीम संदीप को लेकर ट्यूबवेल पर पहुंची।वहां देखा तो मधु की लाश पड़ी मिली।इसके बाद पुलिस ने आरोपी संदीप को हिरासत में ले लिया।जांच में सामने आया कि संदीप का एक भाई राजीव यूपी पुलिस में सब-इंस्पेक्टर भी है।बहन की मौत के बाद जीजा से हुई थी शादी हत्या की सूचना मिलते ही गांगनौली से मधु के मायके वाले थाने पहुंच गए। मधु के भाई कपिल ने पुलिस को बताया-साल 2006 में उनकी बड़ी बहन प्रीति की शादी संदीप से हुई थी।बीमारी के कारण 3 साल बाद प्रीति का निधन हो गया था। इसके बाद परिवार ने छोटी बहन मधु की शादी संदीप से करा दी। मधु और संदीप के दो बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा मौक्ष और बेटी मानवी है। बहन की सास ने भाई को बहकाया कपिल का आरोप है कि संदीप अक्सर मधु के साथ मारपीट करता था और प्रताड़ित करता था, जिसकी शिकायत मधु ने कई बार अपने मायके में की थी। शनिवार को जब कपिल अपनी बहन से मिलने बराल गांव पहुंचा, तो उसकी सास राजबाला ने गुमराह करते हुए बताया कि मधु डॉक्टर के पास गई है। इस पर कपिल वापस लौट गया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसे अपनी बहन की हत्या की खबर मिली।

### विवादित जगह हैंडपंप लगाने का विरोध

**ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है**

बागपत ,एक विवादित स्थान पर हैंडपंप और सबमर्सिबल लगाने के प्रस्ताव को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि नगर पंचायत वार्ड-1 में एक ऐसे स्थान पर हैंडपंप और सबमर्सिबल लगाने की तैयारी कर रही है, जहां पहले से विवाद है।उनका कहना है कि इससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## गला घोंटू रोग से संक्रमित हुई बच्ची कानपुर रिफर

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद में एक बच्ची को डिप्थीरिया अर्थात गला घोटू बीमारी से संक्रमित पाया गया जिससे संपूर्ण क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महावतपुर असहट ग्राम पंचायत के मजरे महोली डेरा निवासी शंकर निषाद की 9 वर्षीय बेटी रानी को डिप्थीरिया रोग ने ग्रसित कर लिया पिता द्वारा मिली जानकारी के अनुसार काफी दिनों से बच्ची को खाने पीने में दिक्कत बुखार तथा गले में दर्द रहता था घर में उपचार किया गया परंतु आराम नहीं मिली वही हालत और बिगड़ने लगी परिजनों ने गले की त्वचा मोटी होते देखा वही सांस लेने में दिक्कत तथा खाना खाने में परेशानी की भी समस्याएं होने लगी जहां परिजनों ने आशा बहू के माध्यम से नजदीकी सरकारी अस्पताल को सूचित किया जहां सूचना पाकर विगत दिवस शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयीपुर की टीम जांच हेतु संकर निषाद के घर पहुंची जांचोंपरांत चिकित्सकों ने देखा कि बच्ची डिप्थीरिया अर्थात गलाघोंटू जैसी गंभीर बीमारी से घोषित है चिकित्सक डॉक्टर बृजेश पाण्डेय ने प्राथमिक उपचार करते हुए जांच के पश्चात बच्ची को जिला अस्पताल रेफर किया वहीं गंभीर संक्रमित बीमारी को देखते हुए जनपद के चिकित्सकों ने भी बच्ची को इलाज हेतु कानपुर हैलट अस्पताल रिफर कर दिया फिलहाल इस बीमारी की सूचना पाकर क्षेत्र में काफी लोगों में भय व्याप्त है वहीं परिजनों ने बताया कि बेटी का उपचार कानपुर हैलट अस्पताल में चल रहा है

## नवयुवक ने जामुन के पेड़ में फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुरे जनपद से गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव के घनघौल निवासी शिव बहादुर के 17 वर्षीय बेटे शिवकरन ने खेसहन गांव में स्थित नउवन ताला के पास एक बगिया में जामुन के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया वहीं परिजनों ने बताया कि युवक शिवकरन घर से मामूली वाद विवाद करते हुए रविवार शाम समय निकल गया था जहां खेसहन गांव के समीप किसान रमेश चंद्र शुक्ल के बगीचे में पहुंचकर कॉपर के तार से जामुन के पेड़ में फांसी लगा ली वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई जहां सूचना मिलने पर पहुंचे थाना प्रभारी गाजीपुर विनोद पटेल ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए फतेहपुर भेज दियो

## रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए विभाग ने अन्ना भैंसा पर कसी नकेल

**होमगार्ड समेत कई लोगों को कर चुका था घायल**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद की पशु चिकित्सा विभाग टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए विजयीपुर विकासखंड क्षेत्र में कई दिनों से आतंक मचा रहे अन्ना भैंसा को सफलतापूर्वक काबू में किया क्षेत्र के साहबपुर गांव समेत आसपास के लोगों में इस अन्ना मवेशी से पूर्ण रूप से भय व्याप्त था भैंसा ने कई लोगों पर हमला किया विगत दिवस बुधवार को ग्रामीण वीरेंद्र कुमार पर हमला करते हुए उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया वहीं किशनपुर थाने में तैनात क्षेत्र के सूरतपुर गांव निवासी होमगार्ड छेदीलाल को भी अन्ना भैंसा ने अपना शिकार बनाया मिली जानकारी के अनुसार होमगार्ड अपनी ड्यूटी के पश्चात निज निवास को मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे ठीक उसी समय साहबपुर गांव के समीप अन्ना भैंसा में होमगार्ड पर हमला कर दिया तथा वह गंभीर रूप से घायल हुए पशु चिकित्सा विभाग द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य से क्षेत्र के ग्रामीणों की दहशत समाप्त हुई सभी लोगों ने विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया इस रानी कार्य में पशु चिकित्सक डॉक्टर देवेंद्र सिंह जीतेंद्र शिवम आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद मेरठ में बांटी मिठाई

**सपा नेताओं और छात्रों ने मनाई खुशी, बोले– एकता की हुई जीत**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की घोषणा होने के बाद मेरठ में समाजवादी पार्टी के नेताओं, छात्र नेताओं और कार्यकताओं ने खुशी जताते हुए मिठाइयां बांटी। इस दौरान कार्यकताओं ने इसे छात्रों के आंदोलन और लोकतांत्रिक संघर्ष की जीत बताया।कार्यक्रम में समाजवादी युवजन सभा और छात्र संगठनों से जुड़े नेताओं ने कहा कि पिछले कई दिनों से देशभर में छात्र शिक्षा व्यवस्था, विभिन्न भर्ती और परीक्षा संबंधी मुद्दों को लेकर अपनी आवाज उठा रहे थे।उनका कहना था कि छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन को दबाने की कोशिश की गई, लेकिन अंततः लोकतांत्रिक तरीके से उठाई गई आवाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सका।जिला पंचायत सदस्य सम्राट मलिक ने कहा कि यह किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि देशभर के छात्रों, युवाओं और लोकतांत्रिक शक्तियों की एकजुटता की जीत है। उन्होंने कहा कि छात्रों के हितों से जुड़े मुद्दों पर सरकार को गंभीरता से निर्णय लेने होंगे और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

## हाईकोर्ट बेंच की मांग पर मवाना तहसील में हड़ताल

**रजिस्ट्री कार्यालय पर वकीलों ने जड़ा ताला, 50 साल पुरानी मांग को लेकर आंदोलन तेज**

अमन लेखनी समाचार



मवाना,पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की खंडपीठ स्थापित करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन और तेज हो गया। मवाना तहसील परिसर में बार एसोसिएशन, सिविल बार एसोसिएशन, दस्तावेज लेखक संघ और टाइपिस्ट संघ के सदस्यों ने हड़ताल करते हुए रजिस्ट्री कार्यालय पर ताला जड़ दिया। इसके चलते पूरे दिन तहसील में रजिस्ट्री सहित कई शासकीय और वैधानिक कार्य प्रभावित रहे।

### केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर आंदोलन

हाईकोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन के दौरान अधिवक्ताओं की संयुक्त आमसभा भी हुई। सभा में पिछले पांच दशकों से लंबित हाईकोर्ट खंडपीठ की मांग को और प्रभावी ढंग से उठाने का संकल्प लिया गया।'22 जिलों के लोगों को हो रही परेशानी'संयुक्त अध्यक्षता कर रहे श्रीबल्लभ एडवोकेट, राजेंद्र तोमर एडवोकेट, सुनील दीक्षित और कमल रस्तौगी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों के वादकारियों को इलाहाबाद हाईकोर्ट की दूरी के कारण आर्थिक, मानसिक और समय संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आम जनता को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की खंडपीठ की स्थापना जरूरी है। सभा का संचालन सचिव महकपाल सिंह एडवोकेट और नटवर राणा एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि संघर्ष समिति के निदेर्शानुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश की विभिन्न तहसीलों में प्रत्येक शनिवार को हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की खंडपीठ स्थापित नहीं होती, तब तक आंदोलन लगातार चलता रहेगा।

## खूनी संघर्ष के दो आरोपी गिरफ्तार

**वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद, पुलिस की कार्रवाई जारी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , रोहटा थाना क्षेत्र के रसूलपुर मढ़ी गांव में हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया लकड़ी का डंडा और नुकीली लकड़ी की पैनी भी बरामद की है।दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। हुआ था खूनी संघर्षपुलिस के अनुसार, रसूलपुर मढ़ी गांव में दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।मुखबिर की सूचना पर हुई गिरफ्तारीजांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गांव निवासी दीपक पुत्र जयवीर और मुकेश पुत्र चमन को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ के बाद दोनों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया लकड़ी का डंडा और नुकीली लकड़ी की पैनी बरामद की गई।दोनों आरोपियों पर पहले से दर्ज हैं मुकदमेपुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी दीपक के खिलाफ मारपीट, परीक्षा में नकल कराने और आईटी एक्ट सहित कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, मुकेश के खिलाफ भी मारपीट के मामलों में पहले से केस दर्ज हैं।उपद्रवियों पर सख्ती जारीरोहटा पुलिस का कहना है कि गांव में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने स्पष्ट किया कि हिंसा और उपद्रव फैलाने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और मामले में अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है।

## 48 घंटे में नहीं हुई युवती के शव की पहचान

**गाजियाबाद में गला रेतकर हुई थी हत्या, पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद ,पुलिस अब गाजियाबाद के सभी थानों के साथ-साथ आसपास के जिलों की पुलिस से भी लापता युवतियों का ब्योरा जुटा रही है। पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के बाद शव को सुरक्षित रखवाया गया है।यदि 72 घंटे के भीतर शिनाख्त नहीं होती है तो नियमानुसार अंतिम संस्कार कराया जाएगा। पुलिस ने नोएडा, हापुड़, बुलंदशहर, बागपत और मेरठ पुलिस से भी संपर्क कर लापता युवतियों की जानकारी मांगी है।युवती ने हल्के रंग का छींटदार सूट-सलवार पहन रखा था। घटना वेव सिटी थाना क्षेत्र की है खेत में मिला था खून से लथपथ शव सुबह करीब 9:07 बजे डायल-112 पर सूचना मिली थी कि वेव सिटी क्षेत्र के काजीपुरा स्थित एक खेत में घसीटने के निशान हैं और फसल टूटी हुई है। सूचना पर थाना पुलिस और एसीपी प्रिया श्रीपाल मौके पर पहुंचीं।जांच के दौरान खेत में एक युवती का खून से लथपथ शव मिला। आसपास ज्वार की फसल भी टूटी हुई थी।पुलिस के अनुसार, युवती की उम्र करीब 22 वर्ष प्रतीत होती है। उसके गले पर धारदार हथियार से किए गए गहरे वार के निशान मिले हैंपहचान के बाद ही वजह का पता चल पाएगापुलिस का मानना है कि पहले शव की पहचान होना जरूरी है, क्योंकि उसी के आधार पर हत्या के कारण और आरोपियों तक पहुंचना आसान होगा। शुरूआती जांच में पुलिस ऑनर किलिंग या किसी करीबी व्यक्ति की संलिप्तता की आशंका सहित सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।हालांकि पुलिस ने दुष्कर्म की पुष्टि से इनकार किया है।चार टीमें जांच में जुटीं

एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा चुका है। पहचान के लिए चार पुलिस टीमें लगाई गई हैं। आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि यदि 72 घंटे के भीतर शव की पहचान नहीं होती है तो नियमानुसार उसका अंतिम संस्कार कराया जाएगा।तब तक शव को सुरक्षित रखा गया है।

## दामिनी को नींद की गोलियां देने वाला डॉक्टर गिरफ्तार

**मेरठ में 2 साल पहले बंद चुका क्लीनिक, अब फास्टफूड सेंटर चला रहा था**

अमन लेखनी समाचार



डॉक्टर रोहित

मेरठ , चर्चित सांपकांड में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। दामिनी-तुषार को नींद की गोलियां देने वाले डॉक्टर को हस्तिनापुर पुलिस ने अरेस्ट किया। आरोप है कि उसने बिना पर्चे के नींद की गोलियां दीं।इन्हीं गोलियों को दूध में मिलाकर दामिनी ने पति अतुल को बेहोश किया था। इसके बाद प्रेमी तुषार और सपेरों ने जहरीले करैत सांप से डसवाकर अतुल की हत्या कर दी। अब पुलिस इस मामले में धाराएं बढ़ाने की तैयारी कर रही है, जबकि स्वास्थ्य विभाग भी डॉक्टर की जांच करेगा। झोलाछाप डॉक्टर पहले क्लीनिक चलाता था।एक महिला की मौत के बाद उसे क्लीनिक बंद करना पड़ा था। फिलहाल वह फास्टफूड सेंटर संचालित कर रहा था। पुलिस अब पूरे षड्यंत्र में उसकी भूमिका और अन्य कानूनी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

### तुषार का किराएदार था

आरोपी डॉक्टर रोहित हस्तिनापुर तुषार पायला के घर में किराए पर रहता था। इसी दौरान दोनों में दोस्ती हुई। शुरूआत में तुषार ने नींद नहीं आने की बात कहकर रोहित से गोलियां लीं।बाद में हत्या की साजिश के तहत उसने 10 से ज्यादा गोलियां लेकर दामिनी को दीं, जिनका इस्तेमाल अतुल को बेहोश करने में किया गया।

### दो साल पहले गलत इंजेक्शन लगाने के बाद बंद हो गया था क्लीनिक

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी डॉक्टर रोहित हस्तिनापुर के बंगाली बाजार में क्लीनिक चलाता था। करीब दो-तीन साल पहले एक महिला को गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगा था। उस घटना के बाद काफी हंगामा हुआ और क्लीनिक बंद हो गया। तब से उसका क्लीनिक संचालित नहीं हो रहा था। ये क्लीनिक भी किराए की बिल्डिंग में चल रहा था। क्लीनिक बंद होने के बाद रोहित ने इसमें फास्टफूड की दुकान खोल ली थी। अब रोहित इसी इमारत में फास्टफूड सेंटर चला रहा था। यहां उसने एक शेफ भी रखा था।

### क्लीनिक बंद होने के बाद खोल ली फास्टफूड की दुकान


पुलिस के मुताबिक, रोहित पहले हस्तिनापुर के बंगाली बाजार में किराए की बिल्डिंग में क्लीनिक चलाता था। करीब दो साल पहले हस्तिनापुर के ई-ब्लॉक निवासी निशा को ग्लूकोज चढ़ाने के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। परिजन उसे दूसरे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद हंगामा हुआ और क्लीनिक बंद करना पड़ा। परिवार ने झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना, स्वास्थ्य विभाग और मुख्यमंत्री पोर्टल तक शिकायत की थी ।

हालांकि उस समय पुलिस ने कोई सख्त कार्रवाई नहीं की थी।इसके बाद उसी जगह उसने फास्टफूड सेंटर खोल लिया।

## 6 साल के बच्चे की गड्ढे में डूबने से मौत

**प्राधिकरण ने खोदा था 15 फीट गहरा गड्ढा, सुरक्षा नहीं**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क क्षेत्र में शाम को एक छह वर्षीय बच्चे की 15 फीट गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई।यह गड्ढा प्राधिकरण द्वारा बोरिंग के लिए खोदा गया था और बारिश के पानी से भरा हुआ था।मृतक बच्चे की पहचान केंद्रीय विद्यालय के उप प्रधानाचार्य सीवान यादव के बेटे अव्यान के रूप में हुई है। घटना शनिवार शाम की है।जानकारी के अनुसार, शनिवार को अव्यान अन्य बच्चों के साथ कलाधाम सोसायटी के पास खेल रहा था। खेलते-खेलते वह बारिश के पानी से भरे गहरे गड्ढे के पास पहुंच गया और अचानक उसमें गिर गया। साथ खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सोसायटी निवासी प्रांजल ने बताया कि शाम करीब 6:30 बजे एक बच्चे ने उन्हें अव्यान के डूबने की सूचना दी। उन्होंने अन्य लोगों को बुलाया, जिसके बाद तीन लोग गड्ढे में उतरे और बच्चे को बाहर निकाला। बच्चे को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह गड्ढा कई दिन पहले प्राधिकरण द्वारा बोरिंग कार्य के लिए खोदा गया था। बारिश के बाद इसमें पानी भर गया था, लेकिन सुरक्षा के लिए न तो कोई बैरिकेडिंग की गई थी ।

## 4 दिन में पकड़ी 2.80 करोड़ की दवा

**बोटल-पैकेट पर लिखा- सरकारी आपूर्ति, ब्रिकी के लिए नहीं; ज्वांइट टीम सोर्स तक पहुंचेगी**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , अवैध मेडिसन छिपाने का नया ठिकाना बन गया है।सिर्फ 4 दिन के अंदर ज्वाइंट टीम ने यहां से करीब 2.80 करोड़ रुपए की दवाएं बरामद की हैं।ये दवाएं दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और जिला औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़ी।हैरान करने वाली बात ये है कि ज्यादातर दवाओं पर साफ लिखा था- सरकारी आपूर्ति, बिक्री के लिए नहीं।छिपाने के लिए तस्करों ने पॉश सोसाइटी के फ्लैट से लेकर शहर से दूर वेयरहाउस तक का इस्तेमाल किया। औषधि निरीक्षक जय सिंह ने बताया- दोनों मामले अलग-अलग हैं, लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में दवाएं मिलने से नेटवर्क की आशंका है।स्त्रोत, सप्लाई चेन और इसमें शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। फिलहाल दोनों मामलों की गहराई से जांच चल रही है।2 करोड़ की कैंसर और वैक्सीन की दवा मिली 22 जुलाई की रात टीम ने नोएडा की आम्रपाली प्रिंसली स्टेट सोसाइटी में छापा मारा।एक रिहायशी फ्लैट से करीब 2 करोड़ रुपए की दवाएं मिलीं।इसमें कैंसर रोधी दवाएं, एंटी रेबीज वैक्सीन, एंटी स्नेक वेनम सीरम, इम्युनोग्लोबुलिन जैसी महंगी दवाएं शामिल थीं।जिन वैक्सीन को कोल्ड चेन में रखना जरूरी था, उन्हें कमरे के सामान्य तापमान पर रखा गया था।इससे दवाएं खराब होने का खतरा था। औषधि विभाग ने 8 दवाओं के सैंपल जांच के लिए भेजे हैं। इस मामले में आरोपी आनंद कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## निवेश के नाम पर 31.40 लाख ठगे

**अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर किए पैसा, निकालने के कहने पर ही संपर्क तोड़ा**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा ,वेस्ट निवासी एक व्यक्ति से साइबर जालसाजों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 31.40 लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने खुद को प्रतिष्ठित ट्रेडिंग कंपनी का प्रतिनिधि बताकर फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म से जोड़ा और निवेश पर अधिक लाभ का भरोसा दिलाया। पीड़ित ने अलग-अलग तिथियों में विभिन्न बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कर दी। जब उसने निवेश की गई रकम और मुनाफा निकालने का प्रयास किया तो आरोपी टालमटोल करने लगे और बाद में संपर्क बंद कर दिया। शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुरहित सिंह ने बताया कि वह कारोबारी हैं। जुलाई से सितंबर 2025 के बीच अज्ञात साइबर ठगों ने उनसे संपर्क किया।आकड़ों में दिखता रहा मुनाफाउन्हें एक नामी ट्रेडिंग कंपनी से मिलता-जुलता फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म दिखाया गया, जहां निवेश करने पर कम समय में अधिक मुनाफा मिलने का दावा किया गया।

# चोपन में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, 1 सितंबर के आंदोलन की बनी रणनीति

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। जल, जंगल, जमीन और आदिवासी संस्कृति की रक्षा को लेकर भाकपा के जनसंगठन अखिल भारतीय आदिवासी महासभा की ओर से रविवार को चोपन बैरियर स्थित एक मैरिज हॉल में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता आर. के. शर्मा ने की। सम्मेलन में सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली तथा मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों से आए पदाधिकारियों, कार्यकताओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान नवगठित संगठनात्मक टीम का स्वागत करते हुए संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही आगामी 1 सितंबर को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित राष्ट्रीय आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय महासचिव सुखलाल गोरे ने वन अधिकार अधिनियम-2006, पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्राम सभाओं के अधिकारों की रक्षा तथा आदिवासी समाज को उनके संवैधानिक अधिकार दिलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। राष्ट्रीय सदस्य समर शास्त्री ने आदिवासी धर्म के लिए अलग धर्म कोड लागू करने और जल, जंगल, जमीन से जुड़े अधिकारों की सुरक्षा की मांग उठाई। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मध्य प्रदेश) के राज्य समिति सदस्य संजय नामदेव ने सोनभद्र व सिंगरौली जैसे संसाधन संपन्न क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को रोजगार, प्रदूषण नियंत्रण, आदिवासी भूमि की सुरक्षा तथा शिक्षा और आजीविका से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने की मांग की।सम्मेलन में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। अंत में कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा 1 सितंबर के जंतर-मंतर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

# क्षेत्राधिकारी के औचक निरीक्षण से मचा हडकम्प, विवेचकों के अर्दली रूम में लंबित विवेचनाओं की किया समीक्षा



अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद में पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी निचलौल रविंद्र कुमार सिंह द्वारा थाना चौक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, हवालात, अभिलेखों एवं थाना परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण उपरांत विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गई। क्षेत्राधिकारी ने सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने, वैज्ञानिक साक्ष्यों के संकलन तथा प्रभावी अभियोजन पर विशेष बल दिया। उन्होंने अभिलेखों के अद्यतन रख-रखाव, थाना परिसर की स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश देते हुए पुलिस कर्मियों को जनसुनवाई के दौरान आमजन के साथ संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार कर शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

# उभरती प्रतिभाओं को मिला मंच, 'कलात्मक ताल' कला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अद्भुत सृजनात्मकता

अमन लेखनी समाचार



झांसी। राजकीय संग्रहालय, झांसी में रंग कला क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ₹कलात्मक ताल₹ नामक भव्य कला एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन संस्था की संस्थापक एवं निदेशक प्रियंका रिछारिया तथा उनकी सहयोगी रोशनी प्रजापति ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य उभरते कलाकारों को सशक्त मंच प्रदान करना, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा समाज में कला एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता का विस्तार करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संदीप सरावगी (संघर्ष सेवा समिति, झांसी) रहे। विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ समाजसेविका डॉ. नीति शास्त्री, नेहा शुक्ला, संचिता ठाकुर, वरिष्ठ चित्रकार किशन सोनी, जगदीश लाल, ईशा अरोरा, अनूप खरे, समाजसेविका किरण, प्रियंका गुप्ता सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में छह वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभाशाली कलाकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन तीन अलग-अलग आयु वर्गों में किया गया। इसके अतिरिक्त समूह नृत्य एवं एकल नृत्य प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कला प्रेमियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में गौरी, चेष्टा, सिद्धि, निवेदिता, मीमांसा, अनुराग सहित अनेक प्रतिभाशाली बच्चों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। वहीं पवन कुशवाहा, राशि, मानस्वी, काव्य द्विवेदी एवं अन्य कलाकारों ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. संदीप सरावगी ने अपने संबोधन में कहा कि, ₹कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, संवेदना और संस्कृति की जीवंत धारा है। जब किसी समाज के बच्चे रंगों, रेखाओं, संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को आकार देते हैं, तब एक सशक्त, संवेदनशील और सृजनशील राष्ट्र की नींव तैयार होती है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी के आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करते हैं। संघर्ष सेवा समिति सदैव उन प्रयासों के साथ खड़ी रहेगी जो प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं।₹ कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

**खास समाचार**

## प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के एक युवक के खिलाफ प्रधानमंत्री पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस के मुताबिक, हिया गांव निवासी चांद बाबू के खिलाफ भाजपा के एक स्थानीय पदाधिकारी की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 356, 351(3) और 352 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोप है कि आरोपी ने दिल्ली में हुए एक प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित किया। शिकायतकर्ता का कहना है कि वीडियो से लोगों की भावनाएं आहत हुईं और क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि वीडियो में जान से मारने की धमकी जैसी बातें भी कही गई हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन विवाद में भतीजे पर बाइक से जानलेवा टक्कर मारने का आरोप, एक गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरसोती के कोडार टोला में रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल ने अपने ही भतीजे पर पुरानी जमीन विवाद की रंजिश में जानबूझकर बाइक से टक्कर मारने का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, कोडार निवासी अर्जुन साहू (45 वर्ष) रविवार को घर से ड्यूटी के लिए निकले थे। इसी दौरान सामने से आ रहे रमेश कुमार साहू की बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अर्जुन साहू के सिर और माथे पर गंभीर चोटें आईं तथा अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। वहीं, दूसरी बाइक चला रहे रमेश साहू को मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अर्जुन साहू को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। अस्पताल में उपचार के दौरान अर्जुन साहू ने आरोप लगाया कि उनका अपने भतीजे रमेश साहू से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। उनका कहना है कि रमेश पहले भी उन्हें जान से मारने की धमकी दे चुका था और उसी रंजिश के चलते उसने जानबूझकर बाइक से टक्कर मारी।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।

# मंदिर में मचा बवाल: युवती की शिकायत पर पुजारी और पति में तीखी नोकझोंक से मंदिरों में मचा बवाल, जांच में जुटी पुलिस

**घुघली के कारण माता मंदिर में दर्शन के दौरान बढ़ा विवाद, पुलिस कर रही मामले की जांच**

अमन लेखनी समाचार





महराजगंज जनपद में घुघली थाना क्षेत्र के गोपाला गांव स्थित प्रसिद्ध कारण माता मंदिर में रविवार को पूजा-पाठ के दौरान एक युवक और मंदिर के पुजारी के बीच विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची घुघली पुलिस ने दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए थाने ले जाकर मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, कुशीनगर जनपद के खड्डा क्षेत्र की एक युवती अपनी घरेलू समस्याओं के समाधान के लिए मंदिर पहुंची थी। बताया जाता है कि वह सुबह से ही पुजारी पप्पू के आने का इंतजार कर रही थी। पुजारी के मंदिर पहुंचने पर पहले से मौजूद श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच वे एक-एक कर लोगों की समस्याएं सुनकर पूजा-पाठ के उपाय बता रहे थे। इसी दौरान युवती ने अपनी समस्या पहले सुनने का आग्रह किया, जिसको लेकर कहासुनी हो गई। युवती का आरोप है कि पुजारी ने उसकी बात सुनने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसने घटना की जानकारी अपने पति को दी। कुछ देर बाद युवती का पति मंदिर पहुंचा और पुजारी से बहस करने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया, जिससे मंदिर परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का आरोप है कि विवाद के दौरान युवक ने अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सूचना मिलते ही घुघली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराते हुए दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए थाने ले गई। थाना प्रभारी सूरज कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# घर का ताला तोड़कर चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**जेवरात व नकदी बरामद, पुलिस ने बढ़ाई धाराएं**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। थाना गोरखनाथ पुलिस ने चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की एक अदद हाथ पलानी (सफेद धातु), दो अदद पायल (सफेद धातु) और 2810 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में की गई कार्रवाई में थाना गोरखनाथ पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 284/2026 से संबंधित अभियुक्त मुर्तजा उर्फ झिन्नू और सद्दाम उर्फ जुमराती को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी गोरखनाथ थाना क्षेत्र के निवासी हैं। घटना के संबंध में बताया गया कि 21 जुलाई 2026 को वादिनी अपने मायके गई हुई थी। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर करीब 4000 रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात और दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए थे। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना गोरखनाथ में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया और उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) की बढ़ोत्तरी भी की गई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और पूर्व में भी इनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# एनटीपीसी स्वागत गेट के पास तेज रफ्तार बस ने बाइक को मारी टक्कर, 19 वर्षीय युवक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



बीजपुर (सोनभद्र) स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत एनटीपीसी रिहंद के स्वागत गेट के समीप रविवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में 19 वर्षीय बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर बने गड्ढे से बचने के प्रयास में तेज रफ्तार बस और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। घायल युवक की पहचान अभिषेक (19 वर्ष), पुत्र राजेश, निवासी ग्राम डोडहर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बस चालक समय से पहले स्टैंड पर नंबर लगाने की होड़ में तेज गति से वाहन चला रहा था। इसी दौरान स्वागत गेट के पास सड़क पर बने गड्ढे से बचने की कोशिश में बस और बाइक की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अभिषेक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे खून से लथपथ अवस्था में एनटीपीसी रिहंद चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर, बैढ़न (मध्य प्रदेश) रेफर कर दिया। हादसे के बाद बस चालक वाहन को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही बीजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बस व बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बने गहरे गड्ढे लंबे समय से दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने और तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की है।

# आगामी श्रावण माह, कांवड़ यात्रा एवं विभिन्न पर्व-त्योहारों की तैयारियों को लेकर पुलिस कर्मियों को किया गया ब्रीफ

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज जनपद में पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में रविवार को जनपद के समस्त थानों पर संवाद दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों ने थाना कार्यालयों में समस्त पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर आगामी श्रावण माह, कांवड़ यात्रा एवं विभिन्न पर्व-त्योहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा ड्यूटी के प्रभावी संचालन के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा जारी आदेश-निर्देशों से सभी पुलिस कर्मियों को अवगत कराया गया तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता, अनुशासित कार्यशैली, बेहतर समन्वय एवं आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। संवाद दिवस के दौरान पुलिस कर्मियों की समस्याओं एवं सुझावों को भी गंभीरतापूर्वक सुना गया। प्राप्त समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। जनपद के सभी थानों पर आयोजित संवाद दिवस का उद्देश्य पुलिस बल के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना, उनकी समस्याओं का समाधान करना तथा आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान प्रभावी, संवेदनशील एवं जनोन्मुखी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

# अवैध मेडिकल स्टोरों पर कार्रवाई नहीं होने पर फार्मासिस्टो का अनिश्चितकालीन धरना का ऐलान

**फामेर्सी एंड फार्मासिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन पर लापरवाही का लगाया आरोप, एक सप्ताह में कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार




महराजगंज जनपद में फामेर्सी एंड फार्मासिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को महराजगंज में आयोजित हुई। बैठक में जिले में धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध मेडिकल स्टोरों पर तत्काल रोक लगाने, बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के संचालित मेडिकल स्टोरों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा फार्मासिस्टों के लंबित ड्रग लाइसेंस एक सप्ताह के भीतर जारी करने की मांग उठाई गई। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि औषधि निरीक्षक (डीआई) एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लगातार इन गंभीर मामलों की अनदेखी कर रहा है, जिससे फार्मासिस्टों में भारी नाराजगी है। फार्मासिस्टों के संगठन ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो अगले सप्ताह से औषधि प्रशासन कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

## संगठन का आर-पार की लड़ाई

जिलाध्यक्ष शेषमणि गुप्ता ने कहा कि फार्मासिस्टों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। इस संबंध में सहायक आयुक्त (औषधि), गोरखपुर मंडल को ज्ञापन भेजकर प्रस्तावित आंदोलन की सूचना भी दे दी गई है। संगठन ने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की लापरवाही अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और न्यायोचित मांगों के समाधान तक आंदोलन जारी रहेगा।

# आगामी श्रावण माह एवं त्योहारों के दृष्टिगत नौतनवा कस्बे में हुआ फ्लैग मार्च



अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद में आगामी श्रावण माह, कांवड़ यात्रा एवं विभिन्न पर्व-त्योहारों को सकुशल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी नौतनवा बसंत सिंह के नेतृत्व में थाना नौतनवा पुलिस द्वारा कस्बा नौतनवा के प्रमुख संवेदनशील, भीड़भाड़ वाले एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने आमजन, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर आपसी सौहार्द, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने, सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं असत्य सूचनाओं का प्रसार न करने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस अथवा आपातकालीन सेवा 112 पर देने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस की सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई गई, जिससे आमजन में सुरक्षा का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ। महराजगंज पुलिस जनपदवासियों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा आगामी त्योहारों के दौरान नियमित गश्त, सतर्क निगरानी एवं प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

# गाली-गलौज का विरोध करना पड़ा भारी, बुजुर्ग महिला की पिटाई के बाद मौत

अमन लेखनी समाचार

कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव में गाली-गलौज का विरोध करना एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को भारी पड़ गया। कथित मारपीट में गंभीर रूप से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम गांव के मुकेश और मेवालाल कथित रूप से शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी रमदेई (70), पत्नी जगन्नाथ ने इसका विरोध किया। आरोप है कि विरोध से नाराज दोनों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। बीच-बचाव के लिए पहुंचीं लक्ष्मी देवी और उनकी बेटी पूजा भी मारपीट में घायल हो गईं। गंभीर रूप से घायल रमदेई को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सोमवार सुबह करीब 10 बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बुजुर्ग महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में भी शोक का माहौल है। मृतका के दामाद सुशील कुमार की तहरीर पर कासिमपुर पुलिस ने मुकेश और मेवालाल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी धनश्याम राम ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। साथ ही गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है। मामले की जांच जारी है।


**अमन लेखनी**

**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## 200 करोड़ क्लब की ओर विजय की जन नायकन

**नई दिल्ली।** विजय थलापति की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जन नायकन' बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड गढ़ रही है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ओवरसीज मार्केट्स में भी इस फिल्म का जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। विजय थलापति के स्टारडम के दम पर फिल्म ने अपने शुरुआती वीकेंड में ही दुनिया भर में ताबड़तोड़ कमाई की है और महज 3 दिनों के भीतर 200 करोड़ के आंकड़े के बेहद करीब पहुंच गई है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने धमाकेदार ओपनिंग ली थी, हालांकि दूसरे दिन कमाई में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई, लेकिन तीसरे दिन (रविवार) फिल्म ने फिर से शानदार वापसी की।

लाइफ Style



## आनंदी

### सीन कटने से टूट गया दिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस आनंदी अजय ने एक बेहद इमोशनल वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह बात करते-करते फफक कर रो पड़ती हैं। एक्ट्रेस का दावा है कि 1 साल काम करने के बाद थलपति विजय की 'जन नायकन' से उनके सीन काट दिए गए हैं।

यह बात उन्हें फिल्म के रिलीज होने के बाद ही पता चली है। थलपित विजय की फेयरवेल फिल्म 'जन नायकन' गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। एक तरफ जहां फैंस ने सिनेमाघरों को उत्सव का रंग दे दिया है, वहीं एक्ट्रेस आनंदी अजय का दिल टूट गया है। विजय के साथ स्क्रीन शेयर करना उनका सपना था। इसके लिए उन्होंने 1 साल तक कड़ी मेहनत की और फिल्म में काम भी किया। लेकिन, जब डायरेक्टर एच. विनोद की फिल्म रिलीज हुई तो वह यह देखकर दंग रह गईं कि उनका कोई भी सीन फिल्म में नहीं है। आनंदी ने एक बेहद इमोशनल वीडियो शेयर किया है, जिसमें अपनी आपबीती बताते हुए वह फफक कर रो पड़ी हैं। 'जन नायकन' पहले सेंसर बोर्ड के साथ विवाद में फंसी थी। यह मूल रूप से जनवरी महीने में ही रिलीज होने वाली थी। लेकिन 7 महीने का यह लंबा इंतजार भी आनंदी के लिए खुशी के पल लेकर नहीं आया। वीडियो पोस्ट में वह बताती हैं कि फिल्म के फाइनल एडिट से उनका सीन हटा दिया गया है। अब आनंदी का यह क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फैंस उन्हें हिम्मत दे रहे हैं। तमिल टेलीविजन की पॉपुलर एक्ट्रेस आनंदी के लिए विजय की फिल्म का हिस्सा होना, जाहिर तौर पर बड़ी बात थी।

हॉलीवुड मसाला





## द रिंग्स ऑफ... का टीजर ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** सैन डिएगो कॉमिक-कॉन 2026 में प्राइम वीडियो ने 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर' सीजन 3 का टीजर ट्रेलर जारी किया। 99 सेकंड के इस प्रीव्यू में सीरीज के एक इंटेंस और डार्क दौर की झलक मिली, जिसमें मिडिल-अर्थ में सॉरॉन का उदय, 'वन रिंग' का निर्माण और फैलती हुई जंग नए सीजन की कहानी को आगे बढ़ाएगी। इस फुटेज को बेंजामिन वॉकर के मॉडरेट किए गए एक पैनल के दौरान दिखाया गया, जिसमें सिंथिया अडाई-रॉबिन्सन, ओवेन आर्थर, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, चार्ली विकर्स, डैनियल वेमैन और नए कलाकार जेमी कैंपबेल बॉवर चर्चा में शामिल हुए।



## ब्लैक पैंथर का किरदार निभाएंगे डेविड....

**लॉस एंजिल्स।** 'ब्लैक पैंथर' फ्रेंचाइजी हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की सबसे पहली फिल्म 'ब्लैक पैंथर' (2018) को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। इसका दूसरा भाग 'ब्लैक पैंथरः वकांडा फॉरएवर' 2022 में रिलीज हुआ। अब इसके तीसरे भाग 'ब्लैक पैंथर 3' के रिलीज होने की तैयारी हो रही है। इसमें 'ब्लैक पैंथर' का किरदार डेविड जॉनसन निभाएंगे। डेविड जॉनसन 15 दिसंबर 2028 को रिलीज होने वाली 'ब्लैक पैंथर 3' में टीचाला के बेटे का किरदार निभाएंगे। यह फिल्म जॉनसन के किरदार, प्रिंस टीचाला 2 की कहानी दिखाएगी। डेविड जॉनसन 'ब्लैक पैंथरः वाकांडा फॉरएवर' में एक बच्चे के तौर पर नजर आए थे। डायरेक्टर रयान कूगलर तीसरी फिल्म के लिए वापसी करेंगे।



## दीपिका से छूटी फिल्म अब कैट की झोली में!


**नई दिल्ली।** संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' प्रभास की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है। प्रभास और तृप्ति डिमरी स्टारर इस फिल्म को सबसे ज्यादा सुर्खियां तब मिलीं जब दीपिका पादुकोण ने फिल्म से किनारा किया। अब एक बार फिल्म ये फिल्म चर्चा में है और वजह है नई एक्ट्रेस का नाम। दावा किया जा रहा है कि कैटरीना कैफ इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। इसे लेकर अभी कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडस्ट्री के एक सोर्स ने कैटरीना की काम पर वापसी की अफवाहों को 'पूरी तरह से गलत और गुमराह करने वाला' बताया है। सोर्स ने बताया, "फ्यूचर में कैट के एक्टिंग प्लान के बारे में किए जा रहे दावों में कोई सच्चाई नहीं है। यह रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलों और गलत जानकारी पर आधारित है जिसकी कोई कनफर्मेशन नहीं है।



## यामी कहानी-3 में आएंगी नजर...

**मुंबई।** यामी गौतम के सितारे बुलंदी पर हैं। हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में शानदार अदाकारी के लिए यामी गौतम के नाम का ऐलान नेशनल फिल्म अवॉर्ड के लिए हुआ। उन्होंने 2024 में आई इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। इस बीच अभिनेत्री के फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। यामी गौतम फिल्म 'कहानी 3' में नजर आएंगी। सुजॉय घोष की चर्चित फ्रैंजाइजी की दो फिल्में आ चुकी हैं। पहली फिल्म 'कहानी' साल 2012 में रिलीज हुई थी। वहीं, दूसरा पार्ट 2016 में रिलीज हुआ। दोनों फिल्मों के निर्देशन का जिम्मा सुजॉय घोष ने निभाया। वहीं, लीड रोल में विद्या बालन नजर आई थीं। अब सुजॉय इसकी तीसरी किस्त लेकर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कहानी 3' में यामी गौतम की एंट्री हो गई है।

टीवी मसाला



## वो शख्स, जो जाते-जाते रामानंद की रामायण को बना गया अमर

**नई दिल्ली।** रवींद्र जैन वो सितारा थे, जिन्होंने खुद दृष्टिहीन होते हुए रामानंद सागर की 'रामायण' में अपने सुरीले संगीत से रंग भर दिए थे। ये रंग ऐसे भरे कि जब भी 'रामायण' की बात होती है, तो उनके कलाकारों के साथ ही उसकी चौपाइयां और गीत याद आ जाते हैं, जिन्हें रवींद्र जैन ने अपनी प्यारी आवाज और संगीत से सजाया था। रवींद्र जैन जन्म से ही दृष्टिहीन थे। उन्हें कुछ दिखाई नहीं देता था, पर भगवान ने उन्हें सुरीली आवाज और संगीत के अमर वरदान से नवाजा था। उनके गले में मां सरस्वती विराजत करती थीं। उन्हें 'सरस्वती पुत्र' कहा जाता था। उसी वरदान से उन्होंने रामानंद सागर को 'रामायण'के रूप में ऐसा तोहफा दे दिया, जो दुनियाभर में हमेशा के लिए अमर हो गया। 28 फरवरी 1944 को पैदा हुए रवींद्र जैन के पिता संस्कृत पंडित थे, पर बचपन में ही उन्होंने बेटे के हुनर को भांप लिया था। फिर क्या था, उन्होंने बेटे रवींद्र को जी.एल जैन, जनार्दन शर्मा और नाथू राम जैसे संगीतकारों के पास संगीत सीखने भेज दिया। रवींद्र जैन ने संगीत के लिए ही अपनी आंखों को इलाज तक नहीं कराया था। वह बचपन से ही दृष्टिहीन थे। आंखों का इलाज हो सकता था, पर रवींद्र का कहना था कि अगर उनकी आंखों की रोशनी लौट आई, तो वह न तो संगीत पर ध्यान दे पाएंगे और ना ही पहले जैसा संगीत बना पाएंगे। इसलिए उन्होंने आजीवन दृष्टिहीन होना ही चुना। रवींद्र जैन का 9 अक्टूबर 2015 को 71 साल की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे और मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती थे। परिवार में पत्नी दिव्या जैन और बेटा आयुष्मान ही रह गए।

### हर्षद हुए लॉक अप 2 से बाहर

**नई दिल्ली।** 'लॉक अप 2' में ड्रामा जारी है क्योंकि अब हर्षद चोपड़ा को रियलिटी शो से बाहर कर दिया गया है। उनके बाहर होने से कई दर्शक हैरान हैं, जिन्हें उम्मीद थी कि वह गेम में और आगे तक जाएंगे। जेल के अंदर हर्षद एक शांत और संयमित कंटेस्टेंट के तौर पर दिखे। हालांकि उनकी कुछ बहसें और इमोशनल पल भी रहे, लेकिन ज्यादातर समय वह गेम में अपने में ही रहे। लेकिन, बढ़ते कॉम्पिटिशन और मजबूत कंटेस्टेंट्स के बीच उन्हें काफी सपोर्ट नहीं मिल पाया और उन्हें शो छोड़ना पड़ा। उनके बाहर होने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स जोरदार प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई दर्शकों ने कहा कि उन्हें उनके इतनी जल्दी बाहर होने से झटका लगा है और वे निराश हैं। कुछ फैन्स ने इसे अनुचित भी बताया और कहा कि वह गेम में और समय के हकदार थे, जबकि दूसरों का कहना है कि यह शो के अनप्रेडिक्टेबल नेचर का ही हिस्सा है।



## पेरिस तक गई, ताकि जमाने से आगे रह सकूं : हेलेन

*नई दिल्ली। अदाकारा और मशहूर डांसर हेलेन के नाम पर दर्शकों की भीड़ सिनेमाघरों में फिल्म देखने टूट पड़ती थी। एक दौर था जब हेलन का सिर्फ नाम ही काफी थी। उन्होंने बॉलीवुड के कुछ सबसे यादगार डांस परफॉर्मेंस दी हैं। हेलेन ने हाल ही में इसे लेकर दिलचस्प खुलासा किया कि गानों को करने में वे खुद किस तरह एफर्ट्स डालती थीं। यह उनके डांस के अलावा फैशन से भी जुड़े थे।*



### चीजें खोजने विदेशों की यात्राएं कीं

हेलेन ने 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के एक एपिसोड में बताया कि उन्होंने खुद कई ऐसी एक्सेसरीज चुनीं, जो उनके ग्लैमरस कैबरे डांस की पहचान बन गईं। हेलेन ने कहा कि वे हमेशा चाहती थीं कि उनके कॉस्ट्यूम अनोखे लगें। सिर्फ स्थानीय स्तर पर मिलने वाली एक्सेसरीज पर निर्भर रहने के बजाय, उन्होंने ऐसी चीजें खोजने के लिए विदेश की यात्रा कीं, जो उनके परफॉर्मेंस को एक अलग विजुअल पहचान दे सकें।

### बहुत जल्दी डांस सीख लेती थीं

शो के जज जावेद जाफरी ने बॉलीवुड फैशन और डांस पर हेलेन के असर को याद किया और उन्हें ट्रिब्यूट दिया। उन्होंने कहा कि उनके बोल्ड कॉस्ट्यूम, शानदार परफॉर्मेंस और स्क्रीन पर उनके कॉन्फिडेंस भरे अंदाज ने हिंदी फिल्मों में ग्लैमर को पेश करने का तरीका बदल दिया। उनके मुताबिक, उन्होंने नए ट्रेंड सेट किए और साथ ही कई पीढ़ियों के कलाकारों को प्रेरित भी किया। करिश्मा कपूर ने भी अपनी मां से जुड़ी एक याद शेयर की। उन्होंने कहा, 'मेरी मां मुझे बताती थीं कि जब भी हेलेन जी सेट पर आती थीं, तो सब लोग सम्मान के साथ शांत हो जाते थे। ठीक वैसे ही जैसे शम्मी कपूर के आने पर होता था'। करिश्मा कपूर ने यह भी बताया कि हेलेन रिहर्सल के दौरान बहुत तेजी से कोरियोग्राफी सीख लेती थीं, जिसके लिए उनके प्रोफेशनलिज्म और हुनर की तारीफ की जाती थी।

### अपने लुक की हर चीज पर खुद ध्यान देती थीं

अपने डांस नंबर्स की तैयारी को याद करते हुए हेलेन ने बताया कि वे अपने लुक की हर छोटी-बड़ी चीज पर खुद ध्यान देती थीं। उन्होंने खुद ऐसी एक्सेसरीज और फैशन की चीजें चुनीं, जो उस समय भारत में आम नहीं थीं। उन्होंने कहा, 'मैं लंदन गई और वहां से नीले, भूरे और हरे रंग के लेंस और खास आईलैश (पलकें) लेकर आई। मेरे हेडगियर (बालों की एक्सेसरजी) मेरे हेयरड्रेसर ने बनाए थे। मैं अपनी कॉस्ट्यूम के लिए असली पंख लेने पेरिस भी गई थी। मेरी ज्वेलरी, बड़े गॉगल्स और एक्सेसरीज, ये सब मैंने इसलिए, चुना ताकि मैं जमाने से आगे रह सकूं'।

## शूटिंग के लिए पति-बेटी संग लौटीं भारत



*मुंबई। मच अवेटेड फिल्म 'वाराणसी' से प्रियंका चोपड़ा 8 साल के गैप के बाद इंडियन सिनेमा में वापसी कर रही हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए वह पति निक जोनास और बेटी मालती मैरी के साथ भारत आई हैं। उन्हें हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। फिल्म का ज्यादातर हिस्सा शूट हो चुका है, बस कुछ छोटे-छोटे आपस में जुड़े सीन बाकी हैं। एएस राजामौली ने बताया था कि टीम को उम्मीद है कि इस साल सितंबर या अक्टूबर तक फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी. वाराणसी को 7 अप्रैल, 2027 को दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। वायरल तस्वीरों और वीडियो में निक जोनास और प्रियंका चोपड़ा को साथ चलते हुए देखा जा सकता है। प्रियंका को ऑफ-शोल्डर टॉप वाले डार्क ब्राउन को-ऑर्ड सेट में देखा जा सकता है। उन्होंने एयरपोर्ट लुक को बेज रंग की कैप, काले धूप के चश्मे और ब्राउन रंग के फ्लैट्स के साथ कंप्लीट किया है। वहीं, निक जोनास ने एयरपोर्ट लुक के लिए कंफर्टेबल ऑल-ब्लैक आउटफिट चुना. वह काली शर्ट के साथ मैचिंग ट्राउजर पहने दिखाई दिए. उन्होंने सफेद-काले स्नीकर्स और टिंटेड धूप के चश्मे के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया।*

### शिव भक्ति से जुड़ा था गीत, स्टूडियो में डायरेक्टर की थी नो-एंट्री

## पहले ठुकराया, फिर गुस्से में लता ने गाया था ये कालजयी गाना

*नई दिल्ली। लता मंगेशकर स्वर कोकिला कही जाती हैं। उन्होंने सिनेमा को हजारों कल्ट क्लासिक गानों से नवाजा है, दशकों तक चाहने वालों को दीवाना बनाया है। डायरेक्टर-प्रोड्यूसर लता मंगेशकर को कास्ट करने के लिए लाइन में लगे रहते थे। लता मंगेशकर भी गायिकी के लिए समर्पित थीं। उन्होंने बेझिझक गाने गाए और नाम कमाया। मगर शायद ही आपको पता है कि उन्होंने अपना एक कल्ट गाना गाने से इनकार कर दिया था। 48 साल पहले उन्होंने शिव भक्ति से जुड़ा गीत गाना था, लेकिन उन्होंने पहले इनकार कर दिया था।*



### सुपरहिट गाने की कहानी

यह गीत है राज कपूर की फिल्म सत्यम शिवम सुंदरम का टाइटल ट्रैक । जीनत अमान पर फिल्माया गया ये गीत लता मंगेशकर ने अपनी आवाज में अमर कर दिया। करीब पांच दशक के बाद भी यह गाना लोगों की जुबन पर रहता है। इस गाने को गवाने लिए राज कपूर को लता मंगेशकर को मनाना पड़ा था। वह उनसे इतना खफा हो गई थीं कि उन्हें स्टूडियो में भी नहीं आने दिया था।

### भाई के चक्कर में लता-राज के बीच अनबन

इस नाराजगी के पीछे की वजह राज कपूर पर लिखी किताब 'राज कपूरः द वन एंड ओनली शोमैन' में उनकी बेटी रितु नंदा ने बताई है। रितु नंदा ने किताब में बताया था कि राज कपूर ने सत्यम शिवम सुंदरम में म्यूजिक डायरेक्टर के तौर पर पहले लता मंगेशकर के भाई हृदयनाथ मंगेशकर को लेने वाले थे। उन्होंने ही सिंगर से गुजारिश की थी कि वह हृदयनाथ को मनाएं।

### राज कपूर से मांगी थी गानों की रॉयल्टी

लता ने राज कपूर के लिए कई गाने गाए थे, लेकिन कभी रॉयल्टी नहीं ली। मगर जब भाई को रिप्लेस किया गया तो उन्होंने राज कपूर से गाने की रॉयल्टी मांगना शुरू कर दिया। चीजें बढ़ती गईं और लता मानने को तैयार नहीं थी। फिर पंडित नरेंद्र शर्मा की एंट्री हुई जिन्हें लता अपने पिता की तरह मानती थीं। उनका मानना था कि 'सत्यम शिवम सुंदरम' के गानों के साथ कोई और सिंगर न्याय नहीं कर सकता, इसलिए उन्होंने लता को इन गानों के लिए अपनी आवाज देने के लिए मनाया।

### गाना गाने से किया था इंकार

राज कपूर के कहने पर हृदयनाथ राजी हो गए। मगर जब लता मंगेशकर काम से यूएस गईं और वापस आईं तो पता चला कि राज कपूर ने हृदयनाथ को हटाकर लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल को फिल्म में शामिल कर लिया है। इस बात से लता बहुत नाराज हुईं। उनसे बिना पूछे या बताए राज कपूर ने यह फैसला लिया था। गुस्से में सिंगर ने उनका गाना गाने से ही इंकार कर दिया था।

### दो शर्तों पर गाया था लता ने हिट गाना

आखिरकार पंडित नरेंद्र शर्मा के कहने पर लता मंगेशकर ने गाने के लिए हामी भरी लेकिन शर्तें भी रखीं। उनकी शर्त थी कि वह स्टूडियो में किसी से भी बात नहीं करेंगी। साथ ही लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल से यह भी कह दिया था कि उनके रिकॉर्डिंग सेशन के दौरान वे राज कपूर को स्टूडियो में न आने दें। लता ने गाना गाया और बिना किसी से बात किए चली गईं। फिर दोनों के बीच रॉयल्टी को लेकर बहस भी हुई। मगर बाद में राज कपूर ने उन्हें मना लिया था।